

हिन्दी दैनिक

# मरियम टाइम्स

RNI No-UPHIN/2015/63817

लखनऊ व हरदोई से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 06 | अंक : 284 | लखनऊ, सोमवार 21 दिसम्बर 2020 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2/– रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल का पहला तेल एवं गैस रिजर्व, पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश को किया समर्पित

एजेंसी

अशोकनगर। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक तेल एवं गैस उत्पादन फील्ड रविवार को देश को समर्पित किया। यह राज्य में पहला तेल एवं गैस रिजर्व है। प्रधान ने कहा कि कोलकाता से लगभग 47 किलोमीटर दूर स्थित पेट्रोलियम रिजर्व से उत्पादन शुरू हो गया है और निकाले जा रहे तेल को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) की हल्दिया रिफाइनरी भेजा जा रहा है। उन्होंने परियोजना का उद्घाटन करने के बाद कहा, ''अशोकनगर तेल एवं गैस रिजर्व से उत्पादन शुरू होने के साथ ही पश्चिम बंगाल भी उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां तेल निकाला जाता है।'' राज्य में तेल एवं गैस का पहला रिजर्व 2018 में खोजा गया था। उन्होंने कहा कि महानदी–बंगाल–अंडमान (एमबीए) बेसिन के अंतर्गत आने वाला अशोकनगर फील्ड व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक साबित हुआ है।

### शिवसेना सांसद संजय राउत का दावा, किसान आंदोलन पर चर्चा से बचने के लिए रद्द किया गया शीतकालीन सत्र

एजेंसी

मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसान आंदोलन पर चर्चा से बचने के लिये संसद का शीतकालीन सत्र रद्द किया गया है। शिवसेना के मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक लेख रोकटोक में राउत ने ऐसे समय में सेंट्रल विस्टा परियोजना पर एक हजार करोड़ रुपये खर्च करने की जरूरत पर भी सवाल उठाए जब नरेन्द्र मोदी सरकार चचा कराने और संसद सत्र बुलाने की इच्छुक नहीं दिख रही है। केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए नए कृषि कानूनों के खिलाफ हजारों किसान दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। वे कानूनों को निरस्त करने की मांग पर अड़े हैं। राउत ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र इसलिये रद्द किया गया ताकि दिल्ली के निकट चल रहे किसानों के आंदोलन पर कोई चर्चा न हो।

### RSS विचारक एमजी वैद्य का हुआ अंतिम संस्कार, मोहन भागवत और नितिन गडकरी ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विचारक माधव गोविंद वैद्य का महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। आरएसएस के पहले प्रवक्ता वैद्य (97) का संक्षिप्त बीमारी के बाद शनिवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था और रविवार सुबह शहर के अंबाजारी श्मशान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, आरएसएस नागपुर महानगर संघचालक राजेश लोया, महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख, राज्य के पूर्व ऊर्जा मंत्री चंद्रशेखर बवनकुले, स्वयंसेवक और कई अन्य लोग अंतिम संस्कार में शरीक हुए। इस दौरान दो मिनट का मौनरखा गया। अंतिम संस्कार से पहले भागवत आज सुबह वैद्य के घर गए थे। वैद्य के घर से आने के बाद भागवत ने पत्रकारों से कहा कि एम जी वैद्य ने संघ की विचारधारा की रक्षा की और उसी के अनुसार जीवन व्यतीत किया। वह आरएसएस के विश्वकोश थे। उनके निधन के बाद खालीपन सा पैदा हो गया है। हमें लग रहा है कि जैसे हमने एक अभिभावक खो दिया हो। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हम उनसे सलाह लिया करते थे। अब, यह दुविधा पैदा हो गई है कि सलाह के लिए किसके पास जाया जाए।

# अमित शाह का मेगा रोड शो

## समर्थकों ने लगाए जय श्री राम के नारे




एजेंसी

बोलपुर। पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अपनी ताकत दिखाने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा नेताओं ने रविवार को बीरभूम जिले के बोलपुर इलाके में रोड शो किया। अमित शाह का रोड शो दोपहर तीन बजकर 10 मिनट पर डाक बंगाल मैदान से शुरू हुआ और यह बोलपुर चौरास्ता मोड़ पर समाप्त होना है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष के साथ लॉरी पर बने मंच पर खड़े थे और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। इस दौरान भगवा पार्टी के समर्थक 'जय श्री राम', 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' और अमित शाह जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। सड़क के किनारे खड़े सैकड़ों लोगों ने वहां से गुजरने के दौरान गृह मंत्री का अभिवादन किया।

### PM मोदी ने गुरु तेग बहादुर को अर्पित की श्रद्धांजलि, गुरुद्वारा रकाबगंज में मत्था टेका

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी स्थित गुरुद्वारा रकाबगंज में रविवार को अचानक पहुंचे और सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। सिखों के नौवें गुरु की शनिवार को पुण्यतिथि थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और उनके गुरुद्वारा रकाबगंज पहुंचने के दौरान ना तो कोई पुलिस बंदोबस्त किया गया और ना ही आमजन के लिए यातायात अवरोधक लगाए गए थे। गुरु तेग बहादुर की पार्थिव देह का गुरुद्वारा रकाबगंज में अंतिम संस्कार किया गया था। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी का दिल्ली में स्थित सिखों के इस अहम तीर्थस्थल पर मत्था टेकना ऐसे समय में महत्वपूर्ण है, जब खासकर पंजाब के किसान केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।





### गोवा के मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी के साथ राष्ट्रपति से की मुलाकात, लामण दिवा और कुनबी साड़ी भेंट की

एजेंसी

पणजी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनकी पत्नी सुलक्षणा ने यहां रविवार को राजभवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की तथा उन्हें एक 'लामण दिवा' और कुनबी साड़ी उपहार में दी। ये दोनों चीजें तटीय राज्य की पहचान, संस्कृति एवं समृद्ध इतिहास का प्रतीक हैं। कोविंद, पुर्तगाल के कब्जे से गोवा की आजादी की 60वीं वर्षगांठ समारोहों में भाग लेने के लिए राज्य की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। 'लामण दीवा', पीतल का दीप होता है, जबकि कुनबी साड़ी गोवा में महिलाओं का पारंपरिक परिधान है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, ''गोवावासियों की ओर से प्रेम के प्रतीक के तौर पर माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी और प्रथम महिला (उनकी पत्नी) श्रीमती सविता कोविंद को एक लामण दीवा और एक कुनबी साड़ी भेंट की, जो गोवा की पहचान, संस्कृति और समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करते हैं।'' राष्ट्रपति का शाम में दिल्ली के लिए विमान से रवाना होने का कार्यक्रम है।

### आंदोलनकारी किसानों में गजब का हौसला, कड़ाके की ठंड के बावजूद प्रदर्शन स्थल पर जमे हैं

एजेंसी, नयी दिल्ली। दिल्ली शीत लहर की चपेट में है,इसके बावजूद केंद्र के कृषि कानूनों का दिल्ली की सीमाओं पर विरोध कर रहे किसान अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। शहर में रविवार को पारा 3.4 डिग्री सेल्सियत तक गिर गया जो इस मौसम में अब तक का सबसे न्यूनतम तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा,"सफदरजंग वेधशाला में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री नीचे 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।" किसान आंदोलन शुरू हुए चार सप्ताह हो चुके हैं और इसके कारण सीमा पर कई बिंदुओं पर यातायात का मार्ग परिवर्तित किया गया है जिसकी वजह से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### अभ्यर्थियों के परीक्षा में अनुपस्थित रहने से अखिलेश यादव चिंतित, भाजपा सरकार से मांगा जवाब

संवाद्दाता, लखनऊ। घुड़सवार पुलिस, फायरमैन और जेल वार्डर की लिखित परीक्षा में बहुत ही कम अभ्यर्थियों के परीक्षा देने पर भाजपा की योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहाकि, बेरोजगारी के इस भीषण दौर में आधे से अधिक अभ्यर्थियों का परीक्षा में अनुपस्थित रहना चिंता का विषय है। घुड़सवार पुलिस, फायरमैन और जेल वार्डर की लिखित परीक्षा में आधे से ज्यादा अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर चिंतित समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अपने ट्विट पर लिखा कि, बेरोजगारी के इस भीषण दौर में आधे से अधिक



अभ्यर्थियों का परीक्षा में अनुपस्थित रहना चिंता का विषय है। इसके पीछे कोरोना के दौर में ध्वस्त परिवहन व्यवस्था है या महामारी की आशंका या भाजपा सरकार से युवाओं की नाउम्मीदगी। युवाओं के इस गंभीर प्रश्न पर प्रदेश की भाजपा सरकार जवाब दे। इससे पूर्व एक और ट्विट के जरिए किसानों मुद्दे पर एक कविता के जरिए भाजपा पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहाकि, झूठी बातों से बात और उलझेगी, मिल–बैठकर जो बात न सुलझी, वो भला चिट्ठी से क्या सुलझेगी!कोरोना की गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर भाजपा सरकार से अखिलेश यादव ने सवाल पूछा कि, अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा की रैली ।

### भारत में कोरोना संक्रमण के 26,624 नए मामले, अबतक 95 लाख से अधिक मरीज हो चुके हैं ठीक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 26,624 नए मामले सामने आने के बाद देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की



कुल संख्या बढ़कर 1,00,31,223 हो गई है, जिनमें से 95.80 लाख लोग स्वस्थ हो चुके हैं और संक्रमण के बाद लोगों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 95.51 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण के कारण 341 और लोगों की मौत हो जाने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,45,477 हो गई है। देश में 95,80,402 लोग संक्रमण के बाद स्वस्थ हो चुके हैं और लोगों के संक्रमणमुक्त होने की दर 95.51 प्रतिशत हो गई है जबकि इस संक्रमण के कारण मृत्युदर 1.45 प्रतिशत पर बनी हुई है। उपचाराधीन संक्रमितों की संख्या लगातार 14वें दिन चार लाख से नीचे है। आंकड़ों के अनुसार, देश में इस समय 3,05,344 संक्रमित लोगों का उपचार चल रहा है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 3.04 प्रतिशत है। सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख से अधिक हो गई थी, जो 23 अगस्त को बढ़कर 30 लाख और पांच सितंबर को 40 से अधिक लाख हो गई। आंकड़ों के अनुसार 16 सितंबर को संक्रमितों की संख्या 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख से अधिक हो गई। यह संख्या 19 दिसंबर को एक करोड़ के पार पहुंच गई। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार 19 दिसंबर तक कुल 16,11,98,195 नमूनों की जांच की जा चुकी है। इनमें 11,07,681 नमूनों की जांच शनिवार को की गई।

# मुख्यमंत्री ने कोविड-19 से बचाव तथा उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

संवाद्दाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड–19 से बचाव तथा उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए प्रत्येक स्तर पर सावधानी व सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद लखनऊ में विशेष ध्यान देते हुए उपचार व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में कार्य योजना तैयार कर उसके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्विलांस तथा कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य पूरी सक्रियता से जारी रखा जाए। उन्होंने मेडिकल टेस्टिंग को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को कोविड–19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए। इस कार्य में विभिन्न प्रचार माध्



यमों के साथ–साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का भी व्यापक स्तर पर उपयोग किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य द्वारा अवगत कराया गया कि कोविड–19 के बचाव व उपचार के सम्बन्ध में प्रदेश में आइवरमेक्टिन औषधि के उपयोग की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। ज्ञातव्य है कि कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में यू0पी0 मॉडल की डब्ल्यू0एच0ओ0 (विश्व स्वास्थ्य संगठन) द्वारा भी सराहना की गई है।

बैठक में मुख्य सचिव आर0के0 तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी0 अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव एम0एस0एम0ई0 तथा सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एस0पी0 गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के दिए निर्देश

संवाद्दाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के प्रत्येक पात्र परिवार को गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को इस कार्य की नियमित समीक्षा तथा मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

### मुख्यमंत्री ने सभी धान क्रय केन्द्रों को निरन्तर कार्यशील रखने के निर्देश दिए

संवाद्दाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी धान क्रय केन्द्रों को निरन्तर कार्यशील रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज की खरीद में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरदाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने धान खरीद के सम्बन्ध में समय से भुगतान सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में प्रदेश सरकारी की जीरो टॉलरेंस नीति है। इसके दृष्टिगत भ्रष्ट आचारण एवं गतिविधियों में संलिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने में कोई संकोच नहीं किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अपने जनपद के गो–आश्रय स्थलों तथा गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखे। उन्होंने संरक्षित गोवंश को सर्दी से बचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

### सभी जनपदों का रोजगार प्लान बनाया जाए : योगी

संवाद्दाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय को केन्द्र बनाकर कार्यवाही संचालित की जाए। जिला सेवायोजन अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित कर जनपद में रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जनपद में रोजगार की उपलब्धता के सम्बन्ध में डाटाबेस तैयार किया जाए। सभी जनपदों का रोजगार प्लान बनाया जाए। इसके अलावा विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में एक वेवसाइट भी विकसित की जाए। इस वेबसाइट पर रोजगार के अवसरों की उपलब्धता की जानकारी के साथ–साथ आवेदन का विकल्प भी होने चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने जीएसटी राजस्व संग्रह की समीक्षा करने के दिए निर्देश

संवाद्दाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जी0एस0टी0 राजस्व संग्रह की समीक्षा किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा है कि व्यापारियों को जी0एस0टी0 के तहत रजिट्रेशन के लाभ की जानकारी देते हुए पंजीयन के सम्बन्ध में प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी0एस0टी0 के तहत रजिस्ट्रेशन तथा रिटर्न फाइलिंग के सम्बन्ध में सरल भाषा में पठनीय सामग्री तैयार कर व्यापारियों को उपलब्ध कराई जाए। जी0एस0टी0 रिटर्न भरने के सम्बन्ध में व्यापारियों को प्रशिक्षित किया जाए।

# सम्पादकीय

## जिंदगी से हारेगी महामारी

कोरोना, कोविड–19, महामारी, संक्रमण, क्वारंटीन, आइसोलशन, सेनेटाइज, मास्क, रेड जोन, कंटेनमेंट एरिया, सोशल डिस्टेंसिंग, मौत, लॉकडाउन। प्रवासी मजदूर ... वगैरह–वगैरह। ऐसे ही अनेक शब्द साल 2020 में लगातार सुनने को मिले। स्थिति सुधरने की उम्मीद में पूरा साल गुजर गया। अब एक सुखद अहसास इस बात का है कि महामारी के फैलने या इससे संक्रमित होकर जान गंवाने की खबरों से ज्यादा इस बात की चर्चाएं हो रही हैं कि वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया क्या हो। कुछ कंपनियों ने आपातकाल में वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी मांगी है और उन्हें मिल भी गयी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नये साल में खौफ का माहौल पहले जैसा नहीं होगा और आम जनजीवन की दुश्वारियां कम होंगी। आर्थिकी पटरी पर लौटेगी और सुरक्षित पर्यटन शुरू होगा ताकि अर्थ का पहिया चारों ओर घूम सके। खेलों के आयोजन भी निर्बाध होंगे। असल में साल 2019 खत्म–खत्म होते–होते इस बीमारी की शुरुआत हो चुकी थी। चीन में कुछ मामले सामने आ चुके थे। भारत समेत अनेक देशों ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी करनी शुरू कर दी थी। हालांकि शुरू में कई देशों को लगा कि मामला इतना खौफनाक है नहीं, जितना प्रचारित किया जा रहा है। इस बीच, साल 2020 शुरू हुआ तो कई देशों में कोरोना के मरीज पाए जाने की खबरें सुर्खियां बनने लगीं। भारत में जनवरी के तीसरे सप्ताह में केरल में एक छात्र को कोरोना होने की पुष्टि हो गयी। यह छात्र चीन के वुहान विश्वविद्यालय में अध्ययनरत था। भारत में पहला केस आते ही सरकार सकते में आ गयी। लोगों में भी खौफ घर करने लगा। इसके बाद 28 जनवरी तक भारत के लगभग 450 लोगों को निगरानी में रखने की बात सामने आयी। तब तक यही कहा जा रहा था कि कोरोना के मामले फिलहाल केरल में ही हैं। शुरू में चीन से लौटे लोगों के खून के नमूने पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए। उस वक्त कोई भी नमूना पॉजिटिव नहीं आया। साल 2020 का पहला महीना बीत गया और कोरोना को लेकर वैश्विक स्तर पर सियासत शुरू हो गयी। इस बीच, भारत सरकार ने चीन से लौट रहे लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की। साथ ही हवाई अड्डों पर थर्मल स्क्रीनिंग शुरू की गयी। इसी दौरान चीन के कुछ और प्रांतों से खौफनाक तस्वीरें सामने आने लगीं। वहां लोगों की मौत का आंकड़ा बढ़ता गया। आरोप तो ये भी लगे कि चीन सरकार मामले को दबा रही है और मौत के आंकड़ों को छिपा रही है। फिर उस पर वायरस फैलाने के आरोप भी लगने लगे। इसके बाद वायरस फैलने के वैज्ञानिक कारणों पर भी खूब चर्चा होने लगी। चीन तक सीमित वायरस पांच–छरू देशों तक फैल गया। धीरे–धीरे मौत के बढ़ते खतरनाक आंकड़े सामने आने लगे और अब जबकि यह साल बीत रहा है, अकेले भारत में ही करीब एक लाख 45 हजार लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और संक्रमितों की कुल संख्या एक करोड़ पहुंच गयी। हालांकि गनीमत है कि एक्टिव केस कम हैं और ठीक होने की संख्या अच्छी है। इस वायरस की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनियाभर में एक करोड़ से अधिक लोगों की मौत हो गयी और 7 करोड़ से अधिक संक्रमित हैं। कोरोना ने पूरे साल को इस तरह से घेरा कि कॉलेज जाने वाले बच्चों के लिए न तो वेलकम पार्टी हुई और न ही बोर्ड या सेशन की अंतिम परीक्षा देने वालों की फेयरवेल पार्टी। यही नहीं कार्यालयों में भी रिटायर हो रहे लोगों के सम्मान में कोई आयोजन नहीं हो सका। करिअर की दहलीज पर खड़े बच्चों ने भयावह दंश झेला। किसी का प्लेसमेंट हो गया, लेकिन जॉब के लिए कंपनियों ने रुक जाने को कह दिया। किसी को कहीं से ऑफर का इंतजार था जो बहुत लंबा हो गया। ऐसे लोगों को अब इंतजार है कि नये साल में स्थितियां सुधरें और उनके करिअर को भी रफ्तार मिले।

गनीमत है कि लॉकडाउन से पहले–पहले बोर्ड की परीक्षाएं लगभग हो चुकी थीं। कुछ पेपर रह गये थे, जिनके अंक पुराने परफोरमेंस के आधार पर दिये गये। होली के बाद से जो स्कूल बंद हुए, अब तक नहीं खुले। हालांकि बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए कई जगह स्कूल खोलने की पहल हुई, लेकिन यह पहल बाद में कारगर नहीं हो पाई क्योंकि कुछ बच्चे एवं टीचर कोरोना संक्रमित पाए गए। छोटे बच्चों को शुरू–शुरू में तो छुट्टी का अहसास हुआ। फिर ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हुई। कुछ दिन नयापन लगा, किसी ने एंजॉय किया और किसी ने सीखने की कोशिश की। लेकिन दूर–दराज के इलाकों में रहने वाले बच्चों को बहुत दिक्कत आयी और उनकी पढ़ाई लगभग ठप हो गयी। कहीं नेटवर्क की दिक्कत, कई जगह बच्चों के पास स्मार्ट फोन न होने की समस्या। खैर किसी तरह पढ़ाई का इंतजाम हुआ, लेकिन देखते–देखते इस व्यवस्था से बच्चे बोर हो गये। ज्यादातर बच्चे स्कूल के माहौल को 'मिस' करने लगे। इसके अलावा घर में बैठे–बैठे बच्चों के साथ कई अन्य तरह की दिक्कतें भी आईं। सरकारी रिपोर्ट में भी यह स्वीकारा गया कि बच्चों के खिलाफ हिंसा के मामले बढ़े हैं। कहा गया कि घर में ही रहने के कारण तनाव का वातावरण बढ़ा। बच्चे खेलने न जा पाने के कारण जिद्दी हो गये। कई अभिभावकों की नौकरी चली गयी, इसके कारण भी बच्चों पर हिंसा बढ़ी। यही नहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग के मुताबिक महिलाओं के प्रति भी घरेलू हिंसा के मामलों में बढ़ोतरी हुई। महिला आयोग ने लॉकडाउन के दौरान ही व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया, जिसमें महिलाएं हिंसा की शिकायतें कर सकें। जानकारों के मुताबिक ज्यादातर महिलाएं शिकायत भी नहीं कर पायीं। हालिया रिपोर्ट के मुताबिक कई महिलाओं को अनचाहे गर्भ का दंश भी झेलना पड़ा। लॉकडाउन के दौरान किचन का नया अवतार देखने को मिला। घर–घर में नये–नये व्यंजन बनाने के प्रयोग शुरू हुए। जो चीजें लोग बाहर से खरीदकर लाते थे, उन्हें भी घर में ही बनाया जाने लगा। इनमें जलेबी, मिठाई, समोसे, गोलगप्पे से लेकर खाने–पीने की सभी चीजें शामिल रहीं। कुछ महिलाओं ने यूट्यूब चौनल भी शुरू कर दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक यूट्यूब पर सबसे ज्यादा रेसिपी ही सर्च की गयी। इसके बाद बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई। हर बात को भुनाने में माहिर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यहां भी कहां चूकने वाला था। लॉकडाउन के दौरान हास–परिहास का खूब दौर चला। सोशल साइट्स पर चले चुटकुलों में चंद पर गौर फरमाएं– (1) पहले घर में कहा जाता था–सो जाओ, सुबह जल्दी उठकर ऑफिस जाना है और अब कह रहे हैं–सो जाओ, सुबह जल्दी उठकर बर्तन धोना, झाड़ू–पोछा भी करना है। (2) राजू फोन पर अपने दोस्त सोनू से–लॉकडाउन के कारण 5 दिन से घर पर बैठा हूं, पत्नी कई बार बोल चुकी है–पता नहीं यह बीमारी कब जाएगी? समझ नहीं आता कि वह मुझे बोल रही है या कोरोना को? (3) चाट की दुकान पर एक महिला बोली–भैया गोलगप्पे में आजकल वो स्वाद नहीं आ रहा, मैडम जी जब हम इतनी बार हाथ धोएंगे तो वो स्वाद थोड़ी आएगा–गोलगप्पे वाला मासूमियत से बोला। (4) बाहर पुलिस का डंडा, घर में बीबी की जुबान, चाइना वालो तुमको माफ नहीं करेगा हिंदुस्तान। (5) किसी ने मुझसे पूछा–घर में बैठे–बैठे क्या कर रहे हो? मैंने कहा–एक्सपोर्ट–इम्पोर्ट का बिजनेस। उसने पूछा–वो कैसे? मैं बोला–इस ग्रुप का पोस्ट उस ग्रुप में। उस ग्रुप का पोस्ट इस ग्रुप में। (6) किसी ने सोचा था कि अपने ही अपार्टमेंट में घुसने से पहले डॉक्टर को गार्ड से टेंपरेचर नपवाना पड़ेगा। इन जोक्स के अलावा लोगों ने भावुक पोस्ट भी डालीं जिनमें फ्रंटलाइन वॉरियर्स के लिए बेहतरीन संदेश लिखा होता था।कोरोना काल आया तो हर क्षेत्र की तरह इसने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को भी प्रभावित किया। टीवी पर पुराने शो ही चले। दूरदर्शन पर पुराने धार्मिक सीरियल चल पड़े। थियेटर, मॉल, मल्टीप्लेक्स बंद होने से एक नया प्लेटफॉर्म सामने आया–ओटीटी (ओवर द टॉप)। असल में ओटीटी एक तरह के एप होते हैं जिसमें ये टेलीविजन कंटेंट एवं फिल्में दिखाई जाती हैं। इसके लिए ग्राहकों को इन ओटीटी प्लेटफॉर्म का सब्सक्रिप्शन लेना होता हैं। फिर उसमें वे जिस कंटेंट को देखना चाहते हैं वह देख सकते हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता सबसे पहले अमेरिका में बढ़ी थी, इसके बाद यह सभी जगह लोकप्रिय हो गया। इसका उपयोग मुख्य रूप से वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म्स, ऑडियो स्ट्रीमिंग, ओटीटी डिवाइसेस, वॉइसआईपी कॉल एवं कम्युनिकेशन चौनल मैसेजिंग आदि के लिए किया जाता है। पहले लॉकडाउन हटने का इंतजार कर रहे कई निर्माताओं ने बाद में ओटीटी पर ही अपनी फिल्मों को रिलीज किया। कई टीवी रियलिटी शोज में भी ऑनलाइन ऑडिशन इस दौरान हुए। इसका रेस्पांस भी अच्छा रहा। कई वेबसीरीज हिट रहीं।

# सांसद साक्षी महाराज बोले केंद्र सरकार का अगला कदम है जनसंख्या नियंत्रण कानून

### - विपक्ष आरोप लगाता है देश का मुसलमान भारतीय जनता पार्टी के साथ नहीं
### - देखिए मेरा स्वागत प्रधान तकदीर अली कर रहे हैं
### - सघन शाकाहारी सीमित के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे सांसद विधायक ब्लॉक प्रमुख

शिवम सिंह उन्नाव

उन्नाव नवाबगंज। शनिवार को नवाबगंज पंचायत भैसोरा मे नवनिर्मित सघन सहकारी समिति के उद्घाटन में सांसद साक्षी महाराज विधायक बृजेश कुमार रावत ने फीता काटकर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया कार्यक्रम की शुरुआत में प्रतिनिधियों ने सांसद विधायक ब्लॉक प्रमुख का माल्यार्पण कर स्वागत किया भारी भीड़ के बीच वरिष्ठ भाजपा नेता राजनारायण सिंह चौहान ने भाजपा की उपलब्धि गिनाते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की बोले आज जो किसान आंदोलन कर रहे हैं उनको प्रोत्साहन पूर्व की सरकारे कर रही हैं वही विधायक बृजेश कुमार रावत ने एक बार फिर किसानों के बीच होकर किसान बिल पर ना बोलते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी मंच से ग्रामीणों में साझा की ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह अपने संबोधन के दौरान पूर्व के प्रतिनिधि पर आरोप लगाते हुए बोले जो कई वर्षों में नहीं हुआ वह मैंने बीते सालों में करके दिखा दिया नवाबगंज ब्लॉक को जिले की 16 ब्लॉकों से बेहतर सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों में साझा करने वाली ब्लॉक बनकर उभरी है जिले के अन्य ब्लॉकों में लाइब्रेरी की व्यवस्था नहीं है हमारे यहां बनी लाइब्रेरी में जो बच्चे महंगी किताबें उन्नाव जाकर नहीं पढ़ सकते वह बच्चे लाइब्रेरी में आकर पढ़ रहे हैं नवाबगंज ब्लॉक को प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत लगभग 90 किलोमीटर की सड़के मिली हैं नवाबगंज में ऐसी गौशाला बन रही है जिसमें सबसे ज्यादा मवेशी रखने की व्यवस्था की जाएगी सांसद साक्षी महाराज ने विधायक ब्लॉक प्रमुख द्वारा बोले गए





विकास कार्यों पर बोले विधायक ब्लॉक प्रमुख ने सभी जानकारी या आप सभी से साझा कर दी है ऐसा मुझे नहीं लगता कि अब मुझे उन तथ्यों पर बोलना चाहिए मुसलमानों पर बोले देश में मुसलमानों की संख्या 33 करोड़ हो चुकी है पाकिस्तान की जो संख्या है उसकी दुगनी हो चुकी है अब मुझे ऐसा लगता है कि देश के मुसलमान भी अल्पसंख्यक नहीं रहे मुसलमानों को भी चाहिए बड़े भाई और छोटे भाई की तरह रहे देश की आजादी में हिंदू मुस्लिम मिलकर देश को आजाद कराया जो गद्दार थे वो पाकिस्तान चले गए जो देश प्रेमी थे वो भारत में रह गए विपक्ष आरोप लगाता है मुसलमान भारतीय जनता पार्टी के साथ नहीं है यह बातें विपक्ष के लिए सही हो सकती हैं जहां आज मैं मौजूद हूं इसी ग्राम सभा के लोगों ने शत–प्रतिशत वोट देकर हमें जिताया है तंज कसते हुए बोले पूर्व की सरकार में जब मैं शुरुआत में उन्नाव में रहने को आया बिजली चली जाती थी मुझे छत पर सोना पड़ता था मैंने सोच लिया था जो तार सैफाई जाते हैं वह तार में कटवा कर उन्नाव में जुड़वा लूंगा और आज उन्नाव वासियों को पर्याप्त बिजली मिल रही है जिस बिल को लेकर आंदोलन हो रहा हैं वह बिल राज्य सभा से पास हुआ वह बिल किसानों के लिए फायदेमंद है किसान चाहे तो देश के किसी भी मंडी में फसल बेच सकते है जो विरोध है वो विपक्षी पार्टियां कर रही हैं जिनकी मिट्टी खिसकने लगी हैं उनके पास सरकार का विरोध करने के अलावा कुछ नहीं रहा मंच से बोले केंद्र सरकार का अगला कदम है जनसंख्या नियंत्रण का कानून पहले मैं पत्रकारों से वार्ता करता था तो पूछा जाता था राम मंदिर कब बनेगा दिनांक बताई जाए राम मंदिर भी बन रहा है धारा 370 भी समाप्त हो गई ट्रिपल तलाक कानून लाकर मुस्लिम बहनों को मजबूती देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है जैसे तमाम मुद्दों पर अपने भाषण के दौरान जमकर बरसे सांसद साक्षी महाराज वही कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों का माल्यार्पण कर शॉल भेंट की की गयी वही सिलान्यास अध्यक्ष शिव मंगल सिंह , हरकेश सिंह , प्रधान निबहरी अभियेन्द्र सिंह, प्रधान भैसोरा तकदीर अली, पत्रकार आशीष सिंह सेंगर पाली प्रधान उदय भान सिंह बूत अध्यक्ष आशीष सिंह मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के संवाद को सुनने पहुंचे।

## ड्रग विभाग की छापेमारी कार्यवाही, करीब 3 करोड़ की अवैध दवाइयों का जखीरा पकड़ा

### – पंकज गुप्ता नाम का इंटरनेशनल ड्रग माफिया बताया जा रहा दवाइयों का मालिक

मनोज चाहर

आगरा। थाना कमला नगर के लोहिया नगर इलाके में ड्रग विभाग की छापामार कार्रवाई में करीब 3 करोड़ की दवाइयों का जखीरा पकड़ा है। ड्रग माफिया मौके से भागने में सफल रहा। ड्रग इंस्पेक्टर के साथ एसपी सिटी और थाना पुलिस कार्यवाही में जुटी हुई हैं। औषधि विभाग की टीम ने पुलिस फोर्स के साथ शनिवार को बल्केश्वर के लोहियानगर में एक मकान में छापा मारकर प्रतिबंध दवाओं का जखीरा बरामद किया। घर में बने गोदाम में दवाओं को छिपाकर रखा गया था। बरामद दवाओं की कीमत करीब 3 करोड़ बताई जा रही है। गोदाम भाजपा नेत्री का बताया जा रहा है। लेकिन भाजपा नेत्री ने यह गोदाम पंकज गुप्ता नामक व्यक्ति को किराए पर दे रखा था। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। अवैध दवा के कारोबार के तार अन्य राज्यों से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। औषधि विभाग के अधिकारियों ने दवाओं को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आप ने निकाला कैंडल मार्च, किसान आंदोलन में शहीद किसानों के लिए शोक व्यक्त किया

रवि पाल

मथुरा। आम आदमी पार्टी मथुरा के कार्यकर्ताओं ने होली गेट मथुरा से विकास बाजार गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाल कर देश में जारी किसान आन्दोलन में शहीद हुए किसानों की शहादत को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि आन्दोलन में दो दर्जन किसान शहीद हो गए हैं लेकिन मोदी सरकार ने अपना एक ऑसू भी नहीं टपकाया है। किसानों की कुर्बानी को यह देश सदैव याद रखेगा। किसानों का संघर्ष एवं कुर्बानी देश के अस्सी करोड़ लोगों के हितों में है। केन्द्र सरकार को किसान विरोधी तीनों काले कानून वापस लेने चाहिए। मोदी सरकार किसानों का ज्यादा इम्तिहान न ले, किसान अपने हितों को अच्छे से जानते हैं, उन्हें कोई गुमराह नहीं कर सकता। मार्च में रवि प्रकाश भारद्वाज जिला महासचिव, रूपा लावनियाँ जिला अध्यक्ष महिला विंग, आदेश शर्मा मंडल अध्यक्ष यूथ विंग, वीरेन्द्र गुप्ता, सन्तोष सक्सेना, संजय प्रकाश, गनेश कुमार माहौर जिलाअध्यक्ष एससी–एसटी प्रकोष्ठ, राजेश शर्मा, धर्मेन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।




## देहात क्षेत्रों में भी भीषण ठंड के चलते लोगों की हड्डियाँ काँपी , यमुना बेल्ट के अधिकांश गाँव आए पाले की चपेट में

मनोज चाहर

आगरा/बाह। पिछले 2 दिन की सर्दी ने देहात क्षेत्रों में लोगों के हाड़ कपा दिए हैं, यमुना बेल्ट के अधिकांश गांव में खेतों में पाला पड़ने का मामला सामने आया है। सुबह–सुबह खेतों में बर्फ की सफेद चादर देखने को मिल रही है। जिससे किसानों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है पाले के चलते फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।और आलू के खेतों को रोगों की आशंका के चलते नुकसान झेलना पड़ सकता है। बाह थाना क्षेत्र के गांव चौरंगा बीहड़ के किसान राहुल शर्मा ने बताया कि पाला पड़ने से आलू की फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है, यमुना की पट्टी के लगभग 20 से 25 गांव पाला से प्रभावित हुए हैं। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। पिछले 2 दिन से पड़ने वाली सर्दी ने आम लोगों के जीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है। गाँवों में शाम ढलते ही घरों के बाहर और खेतों के पास अलाव जलते दिख रहे हैं, इधर खेतों की रखवाली कर रहे किसान भी इस भीषण ठंड की मार झेल रहे हैं। हल्की हल्की सर्द भरी हवाओं के चलने से खेत की रखवाली कर रहे किसानों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है और पूरी रात खेतों पर अलाव जलाकर रात काटनी पड़ रही है। किसानों के लिए इधर कुँआ–उधर खाई वाली कहावत बन गई है। क्योंकि रात को उन्हें आवारा मवेशियों से खेत की रखवाली करनी पड़ रही है और उधर पाला की मार से फसलों को भारी नुकसान भी हो रहा है।

## प्रॉपर्टी डीलर पर तड़ा-तड़ बरसीं गोलियाँ, मौके पर मौत

मनोज चाहर

आगरा। शमशाबाद रोड़ पर बाइक सवार हमलावरों ने सरेआम हत्या की घटना को अंजाम दिया है। बाइक सवारों ने क्षेत्र में अंधाधुंध फायरिंग की जिससे पूरा क्षेत्र गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। वहीं एक युवक पर हुई अंधाधुंध फायरिंग से मौके पर उसकी मौत हो गई जबकि हमलावर घटना को अंजाम देने के बाद आसानी से वहाँ से भाग गए। घटना थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर चुंगी शहीद नगर चौकी के पास की है। आपको बता दें कि मृतक हरेश पचौरी प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। जमीनी विवाद को लेकर हरेश पचौरी की पुरानी रंजिश चली आ रही थी। शमशाबाद रोड पर बाइक सवारों ने अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जिसमें हरेश पचौरी को तीन गोली लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई तो वहीं फायरिंग से क्षेत्रीय लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। प्रॉपर्टी डीलर की हत्या की जानकारी मिलते ही एसएसपी आगरा और एसपी सिटी सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया और इस घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।







# बदमाश नहीं खुद पति ही निकला हत्यारा, भाई ने खोल दिया राज

### - कोकिलावन शनिधाम से लौट रहे कार सवार दंपति पर गोलीबारी की घटना से फैल गई थी सनसनी
### - खुद युवक के हाथ में भी लगी थी गोली, करता रहा पुलिस को गुमराह

रवि पाल

मथुरा। शनिवार की रात को श्रृद्धालु दम्पत्ति पर बुलेट सवार बदमाशों द्वारा जान लेवा हमले के मामले में नया मोड़ आया है, मृतका के छोटे भाई ने उसके पति पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए कोसीकलां थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने हत्यारोपी पति को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मर्डर केस की छानबीन में पति द्वारा ही पत्नी की हत्या की पुष्टि की है। घटनाक्रम के अनुसार शनिधाम कोकिलावन से दर्शन कर लौट रहे कार सवार दंपति पर बाइकसवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियाँ बरसा दीं। फरीदाबाद के एमआईटी मार्केट जे ब्लॉक निवासी सुनील कुमार अपनी 35 वर्षीय पत्नी प्रीति के साथ रात करीब साढ़े आठ बजे अपनी इटोस कार से कोकिलावन स्थित शनिदेव मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। इसी बीच कोसीकलां के शालीमार रोड पर नरसी विलेज के सामने पीछे से बुलेट मोटरसाइकिल पर तीन नकाबपोश युवक आए और उसकी कार को ओवर टेक कर रुकवा लिया। पति के बराबर आगे की सीट पर बैठी प्रीति ने कार का शीशा नीचे किया तो मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे युवक ने दंपती को निशाना बनाकर फायरिंग कर दी। प्रीति की कनपटी में गोली लग गई, जबकि दूसरी गोली सुनील के बाएँ हाथ में जा लगी। प्रीति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।





पुलिस ने घायल हुए मृतक महिला के पति से भी पूछताछ की। यहीं से पुलिस का शक गहरा गया। महिला के परिजनों को सूचना दे दी तथा उनके आने का इंतजार किया। हालांकि पुलिस ने इस बीच नाकेबंदी कर हमलावरों की धरपकड़ का भी अभियान चलाया लेकिन पुलिस के शक की सूई पति पर ही अटकी रही। इसी बीच मृतका प्रीति (35 वर्ष) का छोटा भाई प्रदीप कुमार निवासी गोपालपुरा होलीगेट मथुरा ने केस को नया मोड़ दे दिया। जिसे सुन पुलिस भी हैरान है। मृतका के भाई प्रदीप ने पति सुनील पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए कोसीकलां थाने में एफआईआर दर्ज की है। जिसमें बताया कि उसकी बहन प्रीति की शादी 6 वर्ष पूर्व सुनील पुत्र रामकिशन निवासी फरीदाबाद से हुई थी। शादी के बाद से ही पति सुनील गैर औरतों के संपर्क में आकर प्रीति को परेशान करता था। जिसकी शिकायत प्रीति ने अपनी भाभी से की थी। प्रीति ने पति द्वारा उसकी हत्या करने की आशंका भी जताई थी। मृतका के भाई ने सुनील पर शनिदेव मंदिर घुमाने के बहाने बहन प्रीति की हत्या का करने का आरोप लगाया है। इस पर पुलिस हत्यारोपी पति को पकड़ कर पूछताछ करने में लगी है। कोसीकलां थाना प्रभारी प्रमोद पवार ने बताया कि पति ने गैर औरतों के कारण अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। इस घटना को उसने हमला दिखाने का प्रयास किया। मृतका के भाई की तहरीर पर पति सुनील के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पति जिम ट्रेनर है। उसने गैर औरतों के चक्कर में अपनी ही पत्नी की हत्या कर दी है।

# प्रधानी के पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी विकास कार्यों से महरूम ग्राम सभा जासू



बघौली हरदोई। विकास खण्ड अहिरोरी की ग्राम सभा जासू में सरकार की ओर से चलाई जा रही विकास योजनाएं पहुंचने से पहले ही दम तोड़ रही है बुनियादी सुविधाएं गांव वासियों तक पहुंचने से पहले ही भ्रष्टाचार के चंगुल में फंस जाती है। प्राप्त विवरण के अनुसार जासू ग्राम सभा के मजरे टिक्कुर, झाला, सिकुरा, थैली उचित साफ सफाई न होने के कारण संक्रामक रोगों को दावत देती बजबजाती नालियां पेयजल की समुचित व्यवस्था न होना आधे अधूरे बने शौचालय पात्र सूची में शामिल होने बाद भी साहब लोगों की जेब न गरम कर पाने के कारण आवास योजना से महरूम होना इन सभी कारणों से ही ग्राम सभा जासू अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है । दबी जुबान लोगों ने बताया कि मौजूदा ग्राम प्रधान द्वारा इस पंचवर्षीय में स्ट्रीट लाइट, रिबोर, कूड़ा दान, बेंच व अन्य विकास कार्यों में जमकर झोलझाल किया गया है। ग्रामसभा के मजरे टिक्कुर में नन्हक्के पुत्र जयलाल ने बताया कि वह अपनी अंधी मां व पैरों से दिव्यांग बहन के साथ छप्पर के नीचे जाड़ा गर्मी बरसात में समय काटता है ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर दबी जबान से बताया कि मनरेगा में कार्य करने पर एक निश्चित राशि प्रधान के प्रतिनिधि ले लेते हैं भ्रष्टाचार के कारण ही गांव में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं ।

# किसानों के लिए अभिश्राप और उद्योग पतियों के लिए वरदान हैं मोदी सरकार - प्रशांत मिश्रा

हरदोई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर हरदोई जिले के समाजवादी प्रबुद्ध सभा के जिला अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा ने पिहानी की ग्रामसभा अब्दुलानगर में किसानों के समर्थन में समाजवादी चौपाल लगाई। चौपाल लगाकर सपा प्रबुद्ध सभा जिलाध्यक्ष प्रशांत मिश्रा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने एमएसपी खत्म करके किसानों की रोजी रोटी खतरे में डाल दी है और मोदी सरकार ऐसा कृषि कानून लेकर आई है जिससे छोटे किसान बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश में 65 : किसान 5 से 15 बीघे खेती वाला है और इन किसानों के पास इतना पैसा नहीं है कि ये लोग अनाज भंडारण कर सके। असीमित भंडारण के कानून से बिचौलिये किसानों की फसल औने पौने दाम पर खरीदेंगे और बाजार में तब महँगे दाम पर बेचेंगे जिससे अनाज की किल्लत होगी उन्होंने कहा कि मोदी योगी जी की सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। सपा प्रबुद्ध सभा जिलाध्यक्ष प्रशांत मिश्रा ने कहा कि मोदी सरकार को किसान हित में किसान विरोधी कानून वापस लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की मांग का समर्थन करती है और किसानों के हर सुख दुःख में साथ खड़ी है। इस दौरान सपा प्रबुद्ध सभा के जिला महासचिव देवेश मिश्रा उर्फ मिंटू ने भी किसान चौपाल को संबोधित किया इस मौके पर राजवंश त्रिवेदी जिला उपाध्यक्ष प्रबुद्ध सभा , डॉ एस के पाठक , देवेश मिश्रा उर्फ मिंटू जिला महासचिव प्रबुद्ध सभा , समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।



# भाजपा सरकार में हमारे देश का अन्नदाता परेशान-रामज्ञान गुप्ता

हरदोई । सपा यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिलाध्यक्ष रामज्ञान गुप्ता ने हरदोई सांडी विधानसभा के गांव बीकापुर मे आदित्य श्रीवास्तव के आवास पर किसानों के समर्थन में समाजवादी चौपाल लगाकर किसानों को संबोधित किया। सपा नेता रामज्ञान गुप्ता ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा हमारे देश का अन्नदाता परेशान है किसानों के हितों की अनदेखी करने वाला जो कृषि विधेयक



भाजपा सरकार लाई है उससे किसान अपनी जमीन का मालिक न रहकर मजदूर हो जाएगा। कृषि उत्पादन मण्डी की समाप्ति और विधेयक में न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना सुनिश्चित न होने से किसान अब औनेपौने दामों पर अपनी फसल बेचने को मजबूर होगा। गेहूं, धान की फसल को आवश्यक वस्तु अधिनियम से हटाये जाने से किसान को बड़े आढ़तियों और व्यापारिक घरानों की शर्तों पर अपनी फसल बेचना मजबूरी होगी। पूर्व जिलाध्यक्ष रामज्ञान गुप्ता ने कहा समाजवादी पार्टी किसानों की आवाज दबने नहीं देगी व किसानों के हर सुख दुरूख में साथ खड़ी हैं। रामज्ञान गुप्ता ने किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी व उनकी सपा सरकार आने पर मदद का वादा किया। इस मौके पर सपा नेता सुधीर गुप्ता मिन्ना, आदित्य श्रीवास्तव, मंजेश पाल, सुधीर कुशवाहा, शिशुपाल बर्मा, लल्लन बाबू श्रीवास्तव, बलवीर सिंह, अली आदि लोग मौजूद रहे।



## तापमान गिरना और लगातार मौसम बदलने से आलू में लगता है झुलसा रोगः डॉ दीपक

हरदोई। कृषि विज्ञान केन्द्र,हरदोई के वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि तापमान गिरने और लगातार मौसम में बदलाव से आलू की फसल में आने वाले समय में रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है। इसमे झुलसा रोग प्रमुख है। झुलसा रोग दो तरह के होते हैं, अगेती झुलसा और पछेती झुलसा। अगेती झुलसा दिसंबर महीने की शुरुआत में लगता है, जबकि पछेती झुलसा दिसंबर के अंत से जनवरी के शुरूआत में लग सकता है। इस समय आलू की फसल में पछेती झुलसा रोग लग सकता है। पछेती झुलसा आलू के लिए ज्यादा नुकसानदायक होता है।



वातावरण में बदलाव से होने वाले रोग के कारण चार से छह दिन में ही फसल बिल्कुल नष्ट हो जाती है। बीमारी में पत्तों के ऊपर काले–काले चकत्तों के रूप दिखाई देते हैं जो बाद में बढ़ जाते हैं। जिन किसान भाईयों ने फफूंदनाशी का छिड़काव नहीं किया है या जिन खेतों में झुलसा बीमारी नहीं हुई है, उन सभी को सलाह है कि मैंकोजेब युक्त फफूंदनाशक 0.2 प्रतिशत की दर से यानि दो किग्रा. दवा 1000 लीटर पानी में एक हेक्टेयर के हिसाब छिड़काव करें। जिन खेतों में बीमारी के लक्षण दिखने लगे हों उनमें डाई मेथामार्फ एक किग्रा एवं मैनकोजेब दो किग्रा 1000 लीटर में घोलकर छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। बार–बार फफूदनाशक का छिड़काव न करें।

# उपज न बिकने से परेशान किसान सीएम योगी को देंगे अन्नदान

## –धान–मक्का बेचने को भटक रहे अन्नदाताए –अवनिकांत दान करेंगे 11कुंतल मक्का , –कहा दधीचि की परम्परा निभाएंगे वंशज

हरदोई । फसल गिरी जब खेत में बोले तंग किसान, क्या मेरी बांछे खिलें गये मुफ्त में धान।श कुछ ऐसे हालात मेहनत–पसीने से अन्न उत्पन्न करने वाले देश की किसानों की है। ऐसी ही अनदेखी में अपनी मक्का बेचने को क्रय केन्द्रों से लेकर प्रशासन की ड्योढ़ी पर भटकर रहे पंचनद कटरी के बड़ागांव निवासी कृषक अवनिकांत बाजपेयी ने रविवार को गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 11 कुंतल मक्का दान ने को पत्र लिखा है। कहा घटे दामों पर फसल लुटाने जैसे आत्मघाती कदम से बेहतर है कि पीठ की गौशाला की गायों के दाने के रूप में उनकी उपज काम आ जाए। हरपालपुर कटरी क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक अवनिकांत बाजपेयी ने कहा कि भले ही शासन–प्रशासन किसानों को उनकी उपज धान–मक्का आदि फसलों का समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का ढिंढोरा पीटकर रही हो पर खेत–खलिहानों से लेकर सरकारी क्रय केन्द्रों और मंडी में छोटे–मझोले असली अन्नदाताओं की कोई सुध नहीं ले रहा है। जिससे वे अपनी खून–पसीने की कमाई को आढ़तों–बाजारों में औने–पौने दामों में बेचने को विवश हैं। उन्होंने बताया कि काफी लागत लगाकर सूखे और कीड़ों से खरीफ की फसल मक्का–धान को उगा–बचाया पाया। सोचा कि मेहनत और मंहगी लागत से पैदा की गती उपज का सरकारी समर्थन मूल्य मिलेगा तो शायद पैसों की भरपाई हो जाए। पर हुआ उल्टा। सीएम योगी को दान–पत्र भेजते हुए अवनिकांत बाजपेयी ने कहा कि फसल बिक्री हेतु फीस देकर पंजीकरण कराया और सांडी मंडी स्थित सरकारी क्रय केन्द्र पर मक्का लेकर पहुंचा तो केन्द्र प्रभारी ने लक्ष्य पूर्ति होने का बहाना बताकर मक्का भरे ट्रैक्टर को हटवा दिया। पर सम्पूर्ण जीवन और अपनी हड्डियां तक धान देने वाले परशुराम और दधीचि जैसे परमार्थियों के वंशज होने से वह भी अपने खून–पसीने की कमाई को प्रदेश के मुखिया और गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की गौशाला को दान देंगे। कहा कि 11 कुंतल मक्का गांव पर रखी है जिसको पीठाधीश्वर योगी अपने निजी या मुख्यमंत्री होने के नाते सरकारी संसाधनों से उठवा लें, इसी संदर्भ में अनुरोध पत्र उनके दोनों आवासीय पत्रों पर भेजा गया है।

## सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा गांव में किया कम्बल बितरण

शाहाबाद। ब्लाक के गाँव लोनी में सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा ठंड से ठिठुर रहे लगभग एक सैकड़ा जरूरत मंद लोगों को कम्बल वितरण किये गए।कम्बल वितरण कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा नेता राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने अपने हाथों से लोंगो को कम्बल ओढाकर पुनीत कार्य किया। लोनी गांव में सामाजिक कार्यकर्ता राम प्रताप पाल ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव के बुजुर्गों,महिलाओं और असहाय तथा जरूरत मन्द लोंगों को कम्बल और शाल ओढाकर आश्रीवाद लिया।कम्बल पाकर महिलाओं, बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे।सभी ने रामप्रताप के इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए तहे दिल से आशीर्वाद दिया।इस अवसर पर भाजपा नेता राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने वहाँ पंहुचकर लोंगो का आशीर्वाद लिया।कम्बल बितरण के मौके पर भाजपा नेता ने कहा कि रामप्रताप का यह कार्य बहुत सराहनीय है। गरीबों की सेवा या मदद करना पूण्य का काम है।श्री मिश्र ने बताया कि हर साल यहाँ के लोगों की सेवा में लीन रहते हुए रामप्रताप निःस्वार्थ सभी का सम्मान करते हैं।इस मौके पर गाँव के तमाम लोगों सहित हार्दिक मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।



# किसान अध्यादेश वापस लिए लिया जाए एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य गारण्टी कानून बनाये जाए

हरदोई। आज जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी हरदोई द्वारा भाजपा हरदोई सांसद के आवास




कैम्प कार्यालय पर कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर माननीय सांसद को ज्ञापन प्रेषित किया।कांग्रेस जन किसान अध्यादेश वापस लो व न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारण्टी कानून बनाये जाने की मांग के फ्लेक्स हाथों में पकड़े थे। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया प्रदर्शन।हरदोई भाजपा सांसद को प्रेषित किये गए ज्ञापन में माँग करते हुए कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा 3 किसान विरोधी बिल पास किए गए हैं। जिसमें ना ही किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का प्राव ाान किया गया और ना ही कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की संविदा भंग के खिलाफ किसानों को उच्च न्याय पीठों में अपील करने का अधिकार दिया गया।इन बिलों पर काफी समय से देशभर के किसान संगठन आंदोलनरत हैं। परंतु केंद्र की मोदी सरकार पूंजीपति मित्रों के दबाव में देशभर के किसानों की मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। पुलिस द्वारा भीषण ठंड के मौसम में की गई बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के बावजूद किसान इन जनविरोधी कानूनों को वापस लेने की मांग पर अडिग है। संसद के अंदर से लेकर सड़क तक कांग्रेस पार्टी लगातार इन किसान विरोध ी कानूनों के खिलाफ आंदोलनरत है माननीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में पार्टी ने किसान सम्मेलन, हस्ताक्षर अभियान और ट्रैक्टर व बैलगाड़ी रैलियों के माध्यम से जन विरोधी इस कानून का विरोध ा किया गया। देश के मालिक अन्नदाता किसानों को पूंजी पतियों का गुलाम बनाने के केंद्र सरकार के षड्यंत्र के विरोध में कांग्रेस का एक–एक कार्यकर्ता किसान आंदोलनों का पूर्ण समर्थन करते हुए सरकार के इस काले कानून का विरोध दर्ज कराता रहेगा। इस अवसर पर जिलाध यक्ष आशीष कुमार सिंह, शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष साधू सिंह, जिला उपाध्यक्ष नेतम भारतीय, जिला उपाध्यक्ष डॉ अजीमुश्शान, जिला महासचिव दीपेंद्र सिंह, जिला महासचिव सोनपाल वर्मा, जिला सचिव मंजू मित्रा, जिला सचिव उत्कर्ष दीक्षित, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष निर्भान सिंह यादव, रवींद्र मिश्रा, जिला महासचिव ज्ञानेंद्र यादव, मान सिंह, आदि नेता व कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दुख व्यक्त किया

हरदोई। आज समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल व समाजवादी पार्टी के नेताओं ने माधौगंज के ग्राम सेलापुर ग्राम में 7 वर्ष की बच्ची के साथ हुई ब्लात्कार व हत्या की घटना में पीड़ित परिवार के घर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दुख व्यक्त किया समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने पीड़ित परिवार को मदत का भरोसा दिलाया व न्याय दिलाने के लिए साथ खड़े होने की बात कही सपा जिलाध्यक्ष ने बयान जारी कर कहा कि बच्ची के साथ ब्लात्कार हत्या की घटना बहुत ही दुखद है उन्होंने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात कर हत्यारे को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने की अपील की सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी सरकार में बेटियों बच्चियों की जान व आबरू सुरक्षित नहीं है रोज 54 बेटियों महिलाओं के साथ ब्लात्कार हत्याओं की घटना हो रही है इस मौके पर दुख व्यक्त करने वाले नेता जिला उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह, नगर अध्यक्ष रियाशत खां, जिला मीडिया प्रभारी अलंकार सिंह, नगर अध्यक्ष मो फुरकान , नगर अध्यक्ष सईद अहमद ,यूथ प्रदेश सचिव अफसर अली , अल्पसंख्यक सभा अध्यक्ष सईद अहमद, सूरज सत्यार्थी , सोहेल खां,महेंद्र पटेल, देवेन्द्र पटेल, अरविंद वर्मा आदि लोगों ने दुख व्यक्त किया




# जालसाजों ने प्रधान पति को लगाया चूना खाते से निकाले पचास हजार

## - मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से हुई जानकारी तो दंग रह गये प्रधान पति

संवाददाता नफीस अहमद नेहाल अहमद बिलग्राम

बिलग्राम हरदोई । जालसाजों की कारस्तानी बढ़ती जा रही है अभी हाल ही में माधौगंज ब्लॉक के अंतर्गत हरपुरा गांव में एक किसान को कृषि विभाग का कर्मचारी बता कर हजारों का चूना लगाया था और अब दूसरी घटना बिलग्राम क्षेत्र के दिवाली गांव में घटी है। यहाँ के प्रधान पति शकील खां का खाता बैंक आफ बडौदा की शाखा बिलग्राम में संचालित है। खाते पर एटीएम कार्ड भी जारी किया गया है। बीते उन्नीस दिसंबर को शकील खान कायाकल्प योजना के अन्तर्गत गांव के ही प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प करवा रहे थे। तभी मोबाइल पर खाते से पैसे निकलने का एसएमएस आया तो प्रधान पति दंग रह गये सब काम छोड़ कर शाखा का रुख किया जहां पता चला की बीते अठारह और उन्नीस दिसंबर को एक के बाद एक कर चार ट्रांजेक्शन के माध्यम से पूरे पचास हजार रुपये साफ हो गये और खाताधारक को पता ही नहीं चला शाखा प्रबंधक से सवाल किया गया कि पैसे किस एटीएम से निकाले गए वो भी कुछ नहीं बता पाए हां ये जरूर कहा कि मै हेड आफिस लेटर भेज कर जानकारी मांगूंगा कि पैसा किस एटीएम से निकाले गए। शकील खां जब अपनी तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे तो वहां भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी कोतवाल सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जब तक शाखा ये साफ नहीं करती कि पैसा किस जगह से निकला है तब तक मै एफआईआर लिखने में असमर्थ हूँ। जब पता चल जाये कि पैसा बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के एटीएम से निकला है तो आ जाना मै रिपोर्ट दर्ज कर लूंगा।




# पहले भी कई बार हुई है बस अड्डों को बेचने की कोशिश

## –2015 में पांच बस स्टैण्डों को बेचने की थी तैयारी, 29 अगस्त तय हुई थी नीलामी तिथि

संवाददाता मथुर। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के निष्प्रायोज्य माने जा रहे बस स्टैण्डों की नीलामी की कावायद एक बार फिर चल रही है। इस बार मथुरा के चार बस स्टैण्डों को इस सूची में रखा गया है। छाता, कोसीकलां, राया और फरह के बस स्टैण्डों को नीलामी के लिए चुना गया है। हालांकि बस स्टैण्डों की नीलामी का यह पहला प्रयास नहीं है। इससे पहले भी तीन चार बार यह कोशिश हुई है लेकिन किसी न किसी कारण से मामला अटक गया। इससे पहले आखिरी प्रयास 2015 में हुआ था। 2015 में मथुरा के पांच बस स्टैण्डों को नीलामी प्रक्रिया के लिए चुना गया था। इमनें मथुरा का पुराना बस स्टैण्ड भी सामिल था। इस बार मथुरा के पुराने बस स्टैण्ड को इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। 2015 में 29 अगस्त को नीलामी की तिथि तय कर दी गयी थी। हालांकि सांसद हेमा मालिनी की ओर से इसका विरोध किया गया था। कोसीकलां बस स्टैण्ड को बेचे जाने का विरोध भी स्थानीय लोगों द्वारा किया गया था। राया के बस स्टैण्ड को लेकर एक याचिका भी न्यायालय में डाली गई थी। याचिका डालने वालों का कहना था कि राया बस स्टैण्ड की जमीन को उनके पूर्वजों ने दान दिया था। दान की जमीन को सरकार बेच नहीं सकती है। उस समय सांसद हेमा मालिनी और कोसीकलां के लोगों की वजह से नीलामी प्रक्रिया की तिथि घोषित होने के बाद भी ये बस स्टैण्ड बिक नहीं सके थे। लेकिन इस बार राज्य में भी भाजपा की सरकार है इस लिए सांसद की ओर से कोई पहल होगी इस बात की संभावना कम है। इस बार जारी प्रक्रिया में अभी नीलामी तिथि की घोषणा नहीं हुई है। मथुरा जनपद में करीब 12 बस अड्डे हैं। इनमें से उन बस अड्डों को चिन्हित किया गया है जो निष्प्रायोज्य हैं। मथुरा जनपद में छाता, कोसीकलां, फरह और राया के बस स्टैण्डों को इसके लिए चिन्हित किया गया है। जैसे ही नीलामी के लिए आदेश आयेगा प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता दुर्गेश राठौर ने फिर से बने मानवता की मिसाल

शिवम सिंह

उन्नाव। मामला है उन्नाव के ब्लॉक हसनगंज ग्राम बीरू गाड़ी जिसके निवासी रामप्रताप जी का बाइक से एसटीडेंट हो गया था जिसमें उन्हें गंभीर चोट आई जिसका इलाज लखनऊ के हॉस्पिटल में चल रहा था गंभीर स्थिति को देखते हुए आए दिन मरीज को रक्त चढ़ाया जा रहा था जिसके बाद ऑपरेशन के समय रक्त की आवश्यकता पड़ी जिस पर राम प्रताप जी के सगे संबंधियों व मित्रों ने जिले में बढ़ते करोना के प्रकोप का हवाला देते हुए रक्त देने से हाथ खड़े कर दिया जिस पर मरीज राम प्रताप के परिवार जन बहुत ही परेशान थे की उन्हें ऑपरेशन के लिए रक्तदान कौन देगा तभी मरीज के छोटे भाई राम मोहन जोकि वर्तमान समय में दूसरे प्रदेश में था उसने व्हाट्सएप ग्रुप से नंबर निकाल कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लवकुश नगर उन्नाव के कार्यकर्ता दुर्गेश राठौर से व्हाट्सएप पर रक्तदान करने हेतु मदद मांगी जिस पर दुर्गेश राठौर ने तत्काल मदद करने का आश्वासन देते हुए तुरंत लखनऊ के लिए रवाना हुए और रक्तदान कर मरीज की जान बचाई । लवकुश नगर उन्नाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता दुर्गेश राठौर का जिले के युवाओं पर बहुत ही प्रभाव है और युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं । संघ कार्यकर्ता दुर्गेश राठौर का कहना है कि हमें संगठन सिखाता है कि पूर्ण राष्ट्र में हर किसी की जान बहुमूल्य है और उसकी रक्षा करना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं का परम कर्तव्य है और यही हमारा धर्म है जब तक भारत में संघ के कार्यकर्ता हैं तब तक कोई भी मनुष्य भूख से दवाई के व रक्त के अभाव में मृत्यु नहीं हो सकती यही हमारा संकल्प है और संगठन हमें यही जीने की प्रेरणा देता है जिससे हम जागेंगे तो समाज और राष्ट्र निर्माण होगा और हमारा राष्ट्र विश्व गुरु सदा बना रहेगा ।



# कोसीकला में मिल से आटे के 400 बैग ले गये चोर

मथुरा। कोसीकला में चोरों ने सर्द रात का लाभ उठा कर आटा मिल को निशाना बनाया। मिल से दस और पांच किलो के 400 बैग चोरी कर ले गये। चोरी की घटना का पता मिल मालिक के पहुंचे पर सुबह चला। कोसीकलां के बैठेन गेट क्षेत्र में देवनगर कॉलोनी में सर्वोदय आटा मिल है। यहां रात में एक बजे के बाद चोर मैक्स पिकअप में आटा मिल के मुख्य गेट को तोड कर घुसे और आटे के 10 किलो के 350 और पांच किलो के 50 बैग चोरी कर ले गये। मिल मालिक कैलाश अगरालिया ने बताया कि शनिवार को पल्लेदार करीब 10 टन माल की गाडी में लोड कर ले गये थे। करीब आठ बजे हम अपने घर चले गये। हमारा घर भी पास में है। रात को करीब एक बजे भतीजा आया तब तक सब ठीक था। इसके बाद चोरोंने घटना को अंजाम दिया है। पिकअप लगा कर 75 से 80 हजार रूपये का माल ले गये हैं। करीब 35 क्विंटल आटा बैगों में पैक हुआ चोरी हुआ है।

# किसान अब एकजुट होकर अपने हक और सम्मान की लड़ाई लड़ने निकल पड़े हैं - अखिलेश

संवाद्दाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने आज साहिब श्री गुरू तेग बहादुर जी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ अपनी आवाज उठाने के लिए सिख गुरूओं के त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे कभी अपने सिद्धांत से पीछे नहीं हटे। उनके रास्ते पर हमें चलने का संकल्प लेना है। श्री अखिलेश यादव आज पार्टी मुख्यालय, लखनऊ में सिख समाज द्वारा श्री गुरू तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इसमें बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी और सिख प्रतिनिधिमण्डल के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता भी मौजूद थे। श्री यादव ने कहा आज देश में खेती को कारपोरेट घरानों को सौंपने की साजिश के खिलाफ किसान इस कड़ाके की ठण्ड में भी मैदान में जमे है। इसमें सिख समाज को मुख्य भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद के पात्र है। श्री यादव ने कहा कि बिहार और प्रदेश के पूर्वांचल के किसान बहुत गरीब है। भाजपा सरकार के तमाम दावों के बावजूद किसानों को गेहूं–धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिला है। किसान के उपयोग की



खाद, बिजली, डीजल सब मंहगा मिल रहा है। किसान कर्ज और मंहगाई से परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं। कारपोरेट की नजर किसान के खेतों पर है। भाजपा सरकार कृषि विधेयक उन्हीं की मदद के लिए लाई है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि किसान अब एकजुट होकर अपने हक और सम्मान की लड़ाई लड़ने को निकल पड़े हैं। उनको बदनाम करने की साजिशें हो रही है। लेकिन किसानों की एकता के आगे भाजपा सरकार की कोई चाल नहीं चलेगी। भाजपा को उनके आगे झुकना ही पड़ेगा। श्री यादव ने कहा कि अगर किसानों से भाजपा को इतना ही बैर है तो वह उनका उगाया अन्न क्यों खाती हैं? उन्होंने कहा किसान जब खुशहाल होगा तभी देश खुशहाल होगा। समाजवादी किसानों के साथ खड़े है। समाजवादी पार्टी को मजबूती देकर प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जाया जा सकता है क्योंकि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर सिख गुरूओं और पंजाबी साहित्यकारों को उचित सम्मान देंगे। पंजाबी अकादमी को ज्यादा मदद दी जाएगी। सिख समाज को संगठन और सरकार में मुख्य भूमिका निभाने का अवसर दिया जाएगा। भाजपा सरकार झूठे वादे और दावे करती है जबकि समाजवादी जो कहते है वही करते है। उनकी कथनी और करनी में कोई भेद नहीं रहता है। उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष सरकार हरपाल सिंह जग्गी ने इस अवसर पर कहा कि किसानों और सिखों का विश्वास अखिलेश जी पर है। उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में ही सिख समाज को हक और सम्मान मिला। भाजपा सरकार सिखों की उपेक्षा कर रही है। आज सिख समाज के किसान भाई आंदोलन पर हैं। समाजवादी सरकार ने खुले दिल से उनका समर्थन किया है। सिखों की और किसानों की लड़ाई अखिलेश जी ही लड़ सकते हैं। भाजपा की अन्यायी सरकार को उखाड़ फेंका जाएगा। सन्2022 में श्री अखिलेश यादव जी की पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए हम एकजुट होकर काम करेंगे। अंधेर है पर देर नहीं होगी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल के अतिरिक्त सर्वश्री सरदार हरदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, जसविंदर सिंह, दरबारा सिंह, परमजीत सिंह लाली, इंदरजीत सिह खालसा, हीरा सिंह, सुखचौन सिंह, लखवीर सिंह, जगदीश सिंह, लखदीप सिंह, संतोख सिंह, विक्की सिंह, गुरनाम सिंह, जगजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, मनदीप सिंह, अवतार सिंह, अक्षत सिंह, राजेन्द्र सिंह, मंजीत सिंह, हरमीत सिंह, निर्मल सिंह, बलजिंदर सिंह, स्वरूप सिंह, दिलाबर सिंह, गज्जन सिंह, दिलराज सिंह, हीरा सिंह, गुरबख्श सिंह, सचिन, विक्रम सिंह, भूपिंदर सिंह, अमर जीत सिंह, दर्शन सिंह, धरमिंदर सिंह, रंजीत सिंह, गुरतेज सिंह, जरनैल सिंह, नविंदर सिंह, सिमरजीत सिंह, साब सिंह, हरवंश सिंह, अमरदीप सिंह, निरपेय सिंह, अमनदीप सिंह, सतनाम सिंह, सुखदेव सिंह, बलविंदर सिंह, कुलवंत सिंह, गुरतेज सिंह, प्रगट सिंह, जरूप सिंह, सतपाल सिंह, ओंकार सिंह, दीदार सिंह, गुरजट सिंह, सुखबीर सिंह, बलरामदास, पुरुषोत्तम सिंह, बल्देव सिंह, कमलप्रीत सिंह, हरसिमरन सिंह, हरबंश सिंह, नरिंदर सिंह, जसविंदर सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर जारी किया अलर्ट

## – उत्तर प्रदेश कई जिलों में जारी रहेगी शीत लहर का कहर

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विभाग द्वारा जनपद प्रयागराज, फतेहपुर, वाराणसी, गोरखपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी, बहराइच, हरदोई, रायबरेली, लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, सीतापुर, कानपुर, बांदा, चित्रकूट, कन्नौज, आगरा, मथुरा, फर्रुखाबाद, हाथरस, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, हापुड़, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, लखीमपुर और आसपास के इलाकों में शीतलहर की चेतावनी दी गयी है।

## एसोसियेशन की सदस्यता से अमरजीत निलम्बित

संवाद्दाता

लखनऊ। सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसियेशन ने बैठक में प्रारूपकार अमरजीत मिश्रा को संघ और संवर्ग विरोधी गतिविधियों के चलते संघ की सदस्यता से निलम्बित किया गया। यह जानकारी महासचिव अभय शुक्ला ने दी। सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसियेशन के महासचिव अभय शुक्ला ने बताया कि अमरजीत मिश्रा द्वारा निरन्तर संघ, संवर्ग विरोधी कृत्यों में लिप्त रहने, सदस्यों को गुमराह करन अपने कृत्यों से संघ की छबि धूमिल करने एवं समयान्तर्गत अपना पक्ष प्रस्तुत न करने के कारण यह निर्णय लिया गया। इससे पूर्व एसोसिएशन द्वारा निर्णय लिया गया कि हमारा संघ किसी भी सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ परिसंघ,उत्तर प्रदेश को कोई समर्थन नही करता है और न ही उसाक कोई घटक संघ है। सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसियेशन उत्तर प्रदेश किसी भी अन्य संघ को मान्यता या समर्थन नही देता। बैठक में प्रान्तीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एमएसएमई इकाईयों के माध्यम से 50 लाख लोगों को रोजगार के लिए रोजगार सृजित होगा - नवनीत सहगल

संवाद्दाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। इसके लिए अस्पतालों में लगभग 1.50 लाख से अधिक बेड की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में कोरोना में कमी आ रही है फिर भी सभी को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचे। अब तक 2.23 करोड़ से अधिक कोविड–19 के टेस्ट किये जा चुके हैं। घर–घर सर्वे का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सर्विलांस के माध्यम से लगभग 15 करोड़ लोगों तक पहुंच कर उनका हालचाल लेते हुए कोविड–19 संक्रमण की जानकारी भी ली गयी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है जहां सबसे अधिक कोरोना संक्रमण की जांच की गयी है और इतनी बड़ी संख्या में लोगों से सम्पर्क किया गया है। श्री सहगल ने बताया कि मिशन रोजगार अभियान के अन्तर्गत बड़ी संख्या में रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद की एक कार्य योजना बनाई जा रही है। जिसमें सरकारी नौकरियों के माध्यम से, सरकारी योजनाओं से स्वरोजगार, बैंकों से समन्वय करके, कौशल प्रशिक्षण द्वारा स्वरोजगार तथा विभिन्न विभागों द्वारा चलाये जा रहे निर्माण कार्यों में रोजगार के अवसरों को एक योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जायेगा, ताकि प्रदेश में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा किये जाएं। उन्होंने बताया कि 04 साल में 04 लाख नई सरकारी नौकरी देने के लक्ष्य को पूरा किया जा रहा है और विभिन्न आयोगों, परिषदों, विभागों से कहा गया है कि अपने रिक्त पदों के सापेक्ष नियमानुसार पारदर्शी तरीके से अपनी भर्ती प्रक्रिया कराएं, ताकि प्रदेश में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हो जाएं। इसी क्रम में कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री जी द्वारा 97,663 स्वयं



सहायता समूह एवं उनके संगठनों को ऑनलाइन 445.92 करोड़ रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की गयी थी। इनसे स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। श्री सहगल ने बताया कि आर्थिक गतिविधियों को और अधिक तेजी लाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। इसके साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रदेश में सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद श्रेणी की 8.18 लाख से अधिक इकाइयां क्रियाशील हैं। प्रदेश में रोजगार के और अवसर सृजित करने के लिए तथा अधिक से अधिक लोगों को रोजगार में लगाने के लिए नई एम0एस0एम0ई0 इकाइयों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत 6.79 लाख नई एम0एस0एम0ई0 इकाइयों को 20,764 करोड़ रूपये का ऋण दिया गया है। इस प्रकार कुल 11,26,000 इकाइयों को लगभग 31,864 करोड़ रू0 के ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराये गये हैं। इस वित्तीय वर्ष में 20 लाख इकाइयों को 76 हजार करोड़ रू0 के ऋण बैंकों के माध्यम से दिये जाने का लक्ष्य रखा गया है। एम0एस0एम0ई0 इकाइयों से 27 लाख से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर सुलभ हुए है। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में एम0एस0एम0ई0 इकाइयों के माध्यम से 50 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री सहगल ने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों के हित के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के लिए कृतसंकल्प है। मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर निरन्तर धान खरीद की समीक्षा की जा रही है। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि किसानों के धान की खरीद समय से हो तथा उन्हें धान, मूंगफली व मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य अवश्य मिले। धान और मक्का की खरीद का भुगतान 72 घंटे के अन्दर सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि जिलाधिकारी की यह जिम्मेदारी है कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो तथा क्रय केन्द्र सुचारू रूप से कार्य करे। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की अधिकारियोंध कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसी क्रम में कल अभियान चलाकर जनपदों में क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। धान क्रय केन्द्र पर शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी की जिम्मेदारी होगी। धान क्रय केन्द्रों पर जिलाधिकारी द्वारा निरन्तर सत्यापन अनुश्रवण तथा आकस्मिक निरीक्षण करे। किसानों से निरन्तर धान की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों से 403.16 लाख कु0 धान की खरीद की जा चुकी है। जो पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना अधिक है। इस प्रकार सरकार द्वारा अब तक 7,536 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया गया है। प्रदेश में अब तक किसानों से 6,13,073.30 कु0 मक्का की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि साढ़े तीन वर्ष में 180 मी0 टन धान तथा 170 मी0 टन गेहूं किसानों से खरीदा गया है इस प्रकार 60 हजार करोड़ रू0 की फसल किसानों से खरीदी जा चुकी है। राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसानों की समस्या का निदान प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जी स्वयं किसान सम्मेलनों को सम्बोधित भी कर रहे हैं।

# रेलवे लखनऊ मण्डल को मिला राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

संवाद्दाता

लखनऊ। लखनऊ राष्ट्रीय स्तर पर 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' द्वारा आयोजित 30वें राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2020 (एनईसीए) का सौर ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा कुशल एयर कंडीशनर, एलईडी लाइट्स, ऑक्यूपेंसी सेंसर जैसे ऊर्जा कुशल उत्पादों के अनुप्रयोग के लिए भवन श्रेणियों (सरकारी कार्यालयों) में पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2020 प्राप्त किया। इससे पूर्व 14 दिसंबर 2020 –'ऊर्जा संरक्षण दिवस' पर उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत लखनऊ स्थित पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय को 'सरकारी भवन संवर्ग' में प्रशंसनीय एवं प्रभावी कार्य हेतु उत्तर प्रदेश में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया था। जिसकी घोषणा माननीय ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार पंडित श्रीकान्त शर्मा ने की थी। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पुरस्कार पाना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उल्लेखनीय है कि पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल ऊर्जा बचत के लिये अनेक प्रभावी कदम उठा रहा है, जैसे कि भी ट्रेनों में एल.ई.डी. लाइटिंग प्रदान की गयी है, मण्डल के सभी स्टेशनों एवं कालोनियों में भी शत–प्रतिशत एल.ई.डी. लाइटिंग की व्यवस्था की गयी है जिसके फलस्वरूप ऊर्जा खपत में कमी हुई है। ऊर्जा के गैर पारम्परिक स्त्रोत सौर ऊर्जा (सोलर एनर्जी) का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है साथ ही ऊर्जा दक्ष उपकरणों का प्रयोग सुनिश्चित कर ऊर्जा खपत में बचत की जा रही है। फलस्वरूप रेल राजस्व की भी बचत हो रही है। लखनऊ मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय भवन में स्थापित 180 किलोवाट क्षमता के टॉप सोलर पैनल के माध्यम से लखनऊ मंडल पूर्वोत्तर रेलवे ने संबंधित अवधि में दो लाख तीस हजार यूनिट सौरजनित ऊर्जा का उत्पादन किया। जिससे न केवल अपने स्वयं के उपयोग के लिए, बल्कि ग्रिड के लिए निर्यात के लिए भी बड़े पैमाने पर इकाइयों का उत्पादन किया है। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक डा0 मोनिका अग्निहोत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर,सा0 धनन्जय मिश्रा तथा उनकी टीम को हार्दिक बधाई देते हुए उनका हौसला बढ़ाया तथा लखनऊ मण्डल द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किए गए विशेष प्रयासों की सराहना की।

# किसान आन्दोलन समर्थन समिति

संवाद्दाता

लखनऊ। देशव्यापी किसान आंदोलन के सन्दर्भ में नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक बैठक की गई ।इस बैठक में किसान आंदोलन को पूरे देश की भलाई के आंदोलन के रूप में घोषित किया गया ।यह आह्वान किया गया कि इस आंदोलन में देश के सभी नागरिक पूरी तरह सहयोग करें। बैठक में लखनऊ में किसान आन्दोलन सहयोग समिति का गठन किया गया और किसान नेता शिवाजी राय को संयोजक और नागरिक समाज के नेता रामकृष्ण को सह संयोजक बनाया गया। यह समिति किसान आंदोलन द्वारा घोषित सभी कार्यक्रमों को लखनऊ में लागू करेगी एवं उसके समर्थन में 27 दिसम्बर 2020 को लखनऊ में एक दिवसीय सत्याग्रह का आयोजन करेगी। सभी जनपक्षधर नागरिक संगठनों, श्रमिक संगठनों, बुध्दिजीवियों, आम नागरिकों से इस समिति का हिस्सा बनने का आह्वान किया गया ।कार्यक्रम के अन्त में आन्दोलन में शहीद किसानों को श्रधांजलि दी गई। बैठक की अध्यक्षता सी.बी.सिंह ने किया तथा इस बैठक में शिवाजी राय,रामाशीष राय,वीरेन्द्र त्रिपाठी,ओपी सिन्हा,राम कृष्ण,मो.मसूद,उदयनाथ सिंह, एस के पांडे, राजाराम,सुरेश पंजम,अजय शर्मा,ज्योति राय,लखनपाल, के के चतुर्वेदी,सौहार्द सिंह, सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# बण्डा में पुलिस-प्रशासन ने रोकी सपाइयों की किसान यात्रा

## – पुवायां विधानसभा प्रभारी उपेन्द्र पाल सिंह की एसडीएम और सीओ से हुई नोकझोक

देवेन्द्र प्रताप सिंह कुशवाहा

शाहजहांपुर। बंडा पिछले 7 दिसम्बर से निकल रही समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा शनिवार को पुवायां विधानसभा के कस्बा बण्डा से निकाली गई। इस बीच पुलिस और सपाईयों के बीच नोकझोक भी हुई। बाद में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हालांकि दोपहर बाद सभी को बिना कार्यवाही के रिहा कर दिया गया। शनिवार को बण्डा जबर सिंह यादव के आवास पर जिलाध्यक्ष तनवीर खां व पुवायां विधानसभा प्रभारी उपेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा नेता व कार्यकर्ता जुटे। जिसके बाद सभी ने किसान यात्रा शुरू की। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर आगे बढ़ते कार्यकर्ताओं को जब पुलिस ने रोका तो नोकझोक शुरू हो गई। पुलिस और सपाइयों के बीच जमकर धक्का मुक्की भी हुई। इस बीच पुवायां विधानसभा प्रभारी उपेन्द्र पाल सिंह की एसडीएम पुवायां दशरथ कुमार एवं सीओ नवनीत नायक के साथ काफी बहस भी हुई। हंगामे के बाद पुलिस ने सभी सपाइयों को गिरफ्तार कर बसों में बैठाकर पुलिस लाइन छोड़ दिया। जहां से करीब दो घंटे बाद सभी को बिना किसी कार्यवाही के रिहा कर दिया गया। इस बीच उपेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का उत्पीड़न कर उन्हें पूंजीपतियों के हाथों नीलाम कर चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए लाए गए तीनो कृषि कानून उनके लिए डेथ वारंट साबित होंगे। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी इन किसान वीरोधी कानूनों का विरोध हर स्तर पर करती रहेगी। इस मौके पर रणंजय यादव, डॉ. नवनीत यादव, गोपाल अग्निहोत्री, हिमांशु बाजपेयी, मोनू मिश्रा, लालबाबू, मोनू इदरीसी, रामकुमार यादव, मिश्रीलाल पटेल, मोनू मिश्रा, चन्द्रमोहन यादव, सर्वेश मिश्रा, जगजीत सिंह टांडे, अवधेश शुक्ला, भूरे खां, विवेक मिश्रा, रामप्रकाश शुक्ला।

## मुसलमानों को आतंकवादि कहने वाले पहले इतिहास देखें कि आतंकवादी कौन : अफाक

संवाद्दाता, लखनऊ। राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता सनगताहैं के संयोजक मुहम्मद आफाक ने कहा कि मुसलमानों को आतंकवादि कहने वाले पहले इतिहास देखें कि आतंकवादी कौन है वह लोग सबसे पहले इतिहास का अध्ययन करें जो आज मुसलमानों को आतंकवादी कहते हैं, पता चल जायेगा कि कौन आतंकवादी है और कौन देशद्रोही। क्योंकि मुसलमानों ने इस देश के विकास और समृद्धि के लिए और इस देश की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है, मुहम्मद आफाक ने कहा कि देश में अन्य धर्मों, विशेष रूप से आरएसएस की शाखाओं ने आज देश की स्थिति जो की है यह कोई नयी बात नहीं है।

# नयी ताकत के रूप में उभर रही हिन्दू महासभा

## - प्रान्तीय अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी पर बनी सहमति

संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश के आज सम्पन्न हुये अधिवेशन में जुटे पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी पर विश्वास व्यक्त करते हुये अगले दो वर्ष के कार्यकाल के लिये अध्यक्ष बने रहने पर सहमति दे दी। आज यहां मानस भवन अयोध्या में हुये हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के अधिवेशन में राष्ट्रीय एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपद इकाईयों से आये प्रतिनिधियों के बीच प्रदेश अध्यक्ष पर आम सहमति मिलने के बाद सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि हिन्दू महासभा एक नई ताकत के रूप में उभर रही है और एक सशक्त और मजबूत हिन्दू राजनीति दल के विकल्प के रूप में हिन्दू समाज के सामने होगी। कड़ाके की ठण्ड के बीच सैकड़ों की संख्या में यहां पहुंचे पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी को देखते हुये पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने विश्वास जताया कि आगामी उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मजबूत दावेदारी पेश करने में पीछे नहीं हटेगी। इस मौके पर हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश की भावी कार्यों की रणनीति पर श्री त्रिवेदी ने कहा कि पार्टी सनातन धर्म की रक्षा, किसान आयोग, मुगल काल में क्षतिग्रस्त हुये धार्मिक स्थलों को मूल रूप में वापस लाने, अनुच्छेद 30 को समाप्त कर स्कूल कालेज में हिन्दू धर्म की शिक्षा देने आदि पर काम करेगी। इसकी रणनीति जल्द तैयार कर ली जायेगी। प्रदेश अधिवेशन में प्रदेश प्रभारी शिव पूजन दीक्षित ने साध्वी पूनम अग्रवाल को तलवार और प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने गदा भेंट कर उन्हे सम्मानित किया। अधिवेशन से पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेने आये राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र द्विवेदी सहित कई प्रमुख राष्ट्रीय नेता भी हिन्दू महासभा के प्रान्तीय अधिवेशन में शामिल हुये। जिनमें राष्ट्रीय महामंत्री विजय प्रकाश मानव सहित उत्तर प्रदेश प्रभारी शिवपूजन दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष उमा नाथ मिश्रा, महामंत्री सिद्वार्थ दुबे, हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश महिला सभा अध्यक्ष बबीता यादव, अयोध्या जिलाध्यक्ष राकेश दत्त, लखनऊ जिलाध्यक्ष बृजेश शुक्ला, लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेशमणि मिश्रा, कार्यालय मंत्री सुनील कुमार तिवारी, प्रदेश महामंत्री आरती यादव , जिला अध्यक्ष रजनी सिंह,जिला महामंत्री रेनू सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी,संगठन मंत्री हेमंत निषाद, महामंत्री भानु प्रताप सिंह,महानगर अयोध्या अध्यक्ष मुकेश कुमार निषाद रेड्डी,जिला उपाध्यक्ष कौशलेंद्र सोलंकी,तीजेंद्र यादव,जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट आदि सहित हिन्दूमहासभा के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी शामिल थे। प्रान्तीय अधिवेशन से पहले राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गयी। जिनमें विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष एवं प्रमुख प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिसे सम्बोधित करते हुये कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र द्विवेदी ने पार्टी के संगठनात्मक ।

# सपा ने गांव-गांव पदयात्रा, साइकिल यात्रा निकली

संवाद्दाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 07 दिसम्बर 2020 से प्रारम्भ किसान यात्रा आज 14वें दिन भी जारी रही। किसानों में भाजपा सरकार के प्रति जो आक्रोश दिखाई दे रहा है, उससे स्पष्ट हो गया है कि 2022 में समाजवादी पार्टी की बहुमत की सरकार बनेगी। किसान यात्रा कार्यक्रम के तहत आज गांव–गांव पदयात्रा, साइकिल यात्रा, बैलगाड़ी यात्रा, ट्रैक्टर यात्रा के साथ चौपाल तथा गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। प्रयागराज में एम.एल.सी रामवृक्ष यादव, एमएलसी वासुदेव यादव, पूर्व विधायक विजमा यादव, जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्र संघ की पूर्व अध्यक्षा ऋचा सिंह, अयोध्या में पूर्व विधायक जयशंकर पाण्डेय, पूर्व मंत्री तेज नरायन पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय, पूर्व विधायक अभय सिंह, जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव, कानपुर में विधायक अमिताभ बाजपेयी, विधायक इरफान सोलंकी, महानगर अध्यक्ष डॉ0 इमरान, सम्राट यादव, बहराईच में जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, बलरामपुर में पूर्व मंत्री हाजी रियाज अहमद, जिलाध्यक्ष राम निवास मौर्या, बलिया में पूर्व विधायक संग्राम यादव, जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, चन्द्रशेखर सिंह, सुल्तानपुर में पूर्व विधायक अरूण वर्मा, पूर्व विधायक अनूप कुमार सण्डा, जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, गोण्डा में पूर्व मंत्री विनोद कुमार सिंह उर्फ पण्डित सिंह, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे, पूर्व विधायक नन्दिता शुक्ला, जिलाध्यक्ष आनन्द स्वरूप यादव, शाहजहांपुर में जिलाध्यक्ष तनवीर अहमद, महानगर अध्यक्ष कपिल वर्मा स्वर्णकार ने किसान यात्रा निकाली। उन्नाव में पूर्व मंत्री सुधीर कुमार रावत, पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व प्रत्याशी मनीषा दीपक, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह यादव, मेरठ में पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर, विधायक रफीक अंसारी, जिलाध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह, अतुल प्रधान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा, कानपुर देहात में जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव, कमलेश दिवाकर, मिथिलेश कटियार, फर्रूखाबाद में पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष नदीम फारूखी, मैनपुरी में पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव, विधायक बृजेश कठेरिया, विधायक राजकुमार सिंह यादव, पूर्व मंत्री आलोक शाक्य, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव, फिरोजाबाद में जिलाध्यक्ष दुर्गपाल सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष जर्रार अहमद, पूर्व प्रत्याशी टुण्डला महराज सिंह धनगर।

# डीएम ने उरवारा में हर घर नल से जल योजना का किया सत्यापन

संवाददाता

महोबा। जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने सीडीओ डॉ हरिचरन सिंह व अन्य अधिकारियों की टीम के साथ कबरई विकासखण्ड के ग्राम उरवारा में हर घर नल से जल योजना का सत्यापन किया। उक्त योजना के सत्यापन में जिला मजिस्ट्रेट ने घर से बाहर गली में नल लगाए जाने पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए एक्सईएन जलनिगम एस एस तौमर को लताड़ लगाई।कहा कि नल घरों के अंदर लगाए जाएं ताकि पानी बर्बाद न हो और गली व सड़कें भी सुरक्षित रहें।उन्होंने ग्रामीणों द्वारा पानी की मुख्य लाइन में लीकेज होने की शिकायत पर भी एक्शन लिया और एक्सईएन जल संस्थान व जलनिगम को सख्त निर्देश दिए कि जिले की सम्पूर्ण मुख्य लाइनों को चौक किया जाए और सभी प्रकार के लीकेजिज बन्द किये जायें।उरवारा में ही डीएम ने चंदेलकालीन मंदिर व तालाब का निरीक्षण किया।मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा पाए जाने को लेकर उन्होंने कड़ा एतराज जताया और एसडीएम सदर राजेश यादव को निर्देश दिया कि एएसआई के अधिकारियों से संपर्क कर जमीन की पैमाइश करायें, यदि कोई



अवैध कब्जा पाया जाए तो अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाही तुरंत अमल में लायी जाए।यहां के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कंपोजिट प्लान के तहत शौचालय, वाश बेसिन व टंकी निर्माण आदि कार्य न पाए जाने पर वहाँ के प्राचार्य को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि तीन दिवस के अंदर तय कार्य पूर्ण किये जायें। इस दौरान डीएम ने इमिलिया डांग में गौशाला का निरीक्षण किया वहां गौवंश को सर्दी से बचाने हेतु शेड न पाए जाने पर वहां के प्रधान, सचिव को लताड़ लगाई व बीडीओ कबरई विनीत यादव को कड़े निर्देश दिए कि शेड निर्माण करने का कार्य आज ही प्रारंभ किया जाए।इसके साथ ही आज उन्होंने ग्राम पंचायत अतरारमाफ में चौपाल आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनीं तथा ग्रामीण क्षेत्र के बेसहारा व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए।इस अवसर पर उन्होंने वहां के कोटेदार को निर्देश दिया कि गौशाला में गायों की सुरक्षा हेतु बोर उपलब्ध कराएं।अतरारमाफ में आंगनबाड़ी के आरईएस विभाग द्वारा नियत समय में न बनाये जाने पर एक्सईएन आरईएस को कड़े निर्देश दिए जल्द कार्य पूरा करें अन्यथा कार्रवाही होगी।अतरारमाफ में ही रूर्बन मिशन के अंतर्गत 18 लाख की लागत से बनाये गए बहुउद्देश्यीय सभागार के डिजाइन व निर्माण को लेकर संदेह प्रकट करते हुए कहा कि इतनी धनराशि में मात्र कुछ ही बनाया जाना उचित नहीं है।इसको लेकर उन्होंने सीडीओ को निर्देश दिए कि एस्टीमेट मँगाकर इसका परीक्षण करें और तदनुसार जिम्मेदारी तय करें। इसके अलावा डीएम ने उर्मिल डैम और वहां के गेस्ट हाउस को देखा तथा एक्सईएन सिंचाई को इसकी साफ– सफाई व अन्य मरम्मत कार्य कराने के निर्देश जारी किए।

## ग्राम प्रधान ने जरूरतमन्दो को किया कम्बल वितरित



संवाददाता

श्यामदेउरवा। बढ़ती ठंड से निपटने के लिए गरीबों में कम्बल वितरण करने का क्रम तेज हो गया है। बढ़ती ठंड से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा रविवार की शाम परतावल ब्लॉक के ग्राम सभा पुरैना में गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। हल्का लेखपाल वीरेंद्र गुप्ता व ग्राम प्रधान अर्जुन कुमार गौतम ने निर्धन व बेसहारों के बीच कंबल बांटा। साथ ही उन्हें हर तरह की मदद करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान हल्का लेखपाल वीरेंद्र गुप्ता,ग्राम प्रधान अर्जुन कुमार,सनोज कुमार,सदानंद पटेल,विनीत कुमार,मेवालाल समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कब्रिस्तान की भूमि पर बन गए भवन , वक्फ बोर्ड की सक्रियता से मची खलबली

### - उच्चाधिकारियों के आदेश पर शुरू हुई पैमाईश
### - तनाव को देखते हुए सतर्क हुआ प्रशासन

संवाददाता, (रायबरेली )। शिया वक्फ बोर्ड की भूमि पर ऊंचाहार में भी बड़ी गड़बड़ी हुई है । वर्क बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ऊंचाहार का मामला संज्ञान में आया तो स्थानीय प्रशासन फूंक फूंक कर कदम उठा रहा है । शिया कब्रिस्तान की भूमि की रविवार को पैमाईश शुरू हुई है । जिससे माहौल में काफी सरगर्मी है । मामला नगर के तकिया मीर शाह मुहल्ले का है । इस मुहल्ले में शिया वक्फ बोर्ड की करीब साढ़े पांच बीघा जमीन है । यह जमीन विभिन्न भूमि संख्या में अलग अलग दर्ज है । इस भूमि पर मकबरा और इमामबाड़ा व कब्रिस्तान तथा कुछ दुकानें बनी हुई है । शिया समुदाय के लोगो का कहना है कि वक्फ बोर्ड की काफी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है । मौके पर बमुश्किल डेढ़ बिधा जमीन ही कब्रिस्तान के पास शेष बची है । कस्बा निवासी कुछ लोगो ने मामले की शिकायत उच्च स्तर पर की तो प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है । उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया । जिसमें वक्फ बोर्ड , अल्पसंख्यक विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया । रविवार को मौके पर पहुंची टीम ने भूमि की पैमाईश शुरू की तो आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई । संभावित तनाव को देखते हुए पुलिस बल



को भी तैनात किया गया था । दिन भर चली पैमाईश के बाद जांच टीम वापस लौट गई है । यह टीम अब अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट देगी । लेकिन मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार कब्रिस्तान की कुछ भूमि पर भवन बने हुए है । अब आगे की कार्रवाई के लिए अधिकारी उच्च स्तर पर विचार विमर्श के बाद फैसला करेंगे । कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शांति व्यवस्था के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे । राजस्व विभाग अब इस मामले में कार्रवाई करेगा ।

**कब्रिस्तान की बाउंड्री निर्माण से शुरू हुआ बवाल**

कब्रिस्तान का विवाद हाल ही में इसके बाऊंड्री निर्माण से शुरू हुआ था । कब्रिस्तान से सटा हुआ एक मकान था । जिसका मकान था वह परिवार जबलपुर में रहता था । जब बाउंड्री बनाई जाने लगी तो उस मकान को गिरा दिया गया । उसके बाद वह परिवार जबलपुर से ऊंचाहार पहुंचा और मामले की शिकायत अधिकारियों से की । उसके बाद हरकत में आई पुलिस ने कुछ लोगो को गिरफ्तार करके शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया । यही नहीं पीड़ित परिवार कब्रिस्तान के पास ही एक झोपड़ी बनाकर रहने भी लगा । इस घटना के बाद दूसरा पक्ष भी सक्रिय हुआ और मामले को शिया वक्फ बोर्ड और प्रशासनिक व राजस्व अधिकारियो के पास ले गया । मामला शिया वक्फ बोर्ड का जुड़ा था , इसलिए उच्च स्तर पर इस मामले में कार्रवाई के निर्देश हुए । अब मामले में पैमाईश व समस्या के समाधान के लिए कार्रवाई तेज हुई है ।

## धाता पुलिस ने वाहन चोर गैंग का किया पर्दाफाश

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के धाता थाना में पुलिस द्वारा बहुत ही शातिर वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश किया गया । लगातार चोरी व अवैध कारोबार पर लगाम लगाते हुए नवांगतुक एसपी ने जनपद में माफियाओं की कमर तोड़ दी। धाता थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस




टीम द्वारा तीन शातिर वाहन चोर अपराधीयो को देवरी मोड़ पर मुखबिरी की सटीक सूचना पर धर दबोचा। धाता पुलिस टीम द्वारा दीपक कुमार पुत्र लाल जी रैदास निवासी कुल्ली थाना खखरेरु, गुलाम नवी पुत्र स्व गुलाम मुहम्मद निवासी रहमतपुर, मन्नू पुत्र मोतीलाल मेहतर निवासी मानपुर सिहारीपट्टी थाना धाता को गिरफ्तार कर पंजीकृत धाराओं में जेल भेज गया। पकड़े गए अपराधियों में गुलाम नवी बहुत ही शातिर अपराधी है जिस पर अन्य मामलों में भी कई अपराध पंजीकृत है। धाता टीम ने वाहन चोर गैंग पर धारा 411, 413, 419,420,467,468,471 व आर्म्स एक्ट की धाराएं लगाकर जेल भेज दिया है। टीम ने पकड़े गए चोरो से 10 मोटरसाइकिल , 3 अदद 12 बोर के देसी तमंचे सहित 6 जिंदा कारतूस बरामद किए। वाहन चोर गैंग को पकड़ने में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, उप.नि. धर्मेंद्र कुमार, पृथ्वीराज सिंह, रामसूरत मौर्या, नागेश सरोज, अजीत यादव, दिलीप सरोज, अजीत कुमार, अमित राय, विपिन यादव सहित धाता पुलिस टीम मौजूद रही।

## अयोध्या सीएम योगी का संबोधन

संवाददाता, अयोध्या। जैसी भी हो अपने अन्नदाता के जीवन में खुशहाली लाना ही उद्देश्य है।देश की प्रगति समृद्धि का रास्ता तब खुलेगा किसानों की उपज में लागत कम की जाए और खेत से लेकर बाजार तक चौन जोड़ा जाए।शासन की मनसा है।।इस देश मे गाँव के लिए किसान के लिए बिना भेदभाव के काम करेंगे पीएम आवास योजना किसी का चेहरा देख कर नही दिया जो पात्र था उसे दिया गया। किसानों को तकनीक से जोड़ कर उनके खेतो में उपज बढ़ाना ही लक्ष्य है एमएसपी सरकार दे रही है। 22 हजार करोड़ रुपये किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि दी गयी है। जिन्हे बिकास अच्छा नही लगता वो किसानों को गुमराह कर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे है कृषि बिल लागू होने के बाद कहा गया एमएसपी समाप्त हो जाएगी लेकिन मोदी जी ने कहा एमएसपी लागू रहेगी कहा गया किसानों के खेत पर कब्जा हो जाएगा ऐसा नही होगा। कोई कब्जा नही होगा विपक्ष गुमराह करने की कोशिश कर रहा है 2017 के पहले खरीद के केंद्र नही लगते थे बिचौलिए काम करते थे।

## दिल्ली शिक्षा मॉडल व यूपी शिक्षा मॉडल को लेकर छिड़ा विवाद

संवाददाता

अयोध्या। दिल्ली शिक्षा मॉडल व यूपी शिक्षा मॉडल को लेकर छिड़ा विवाद। गृह जनपद अयोध्या पहुंचे आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह का बयान। प्रदेश के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह की चुनौती दिल्ली के शिक्षा मंत्री व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को स्वीकार। 22 दिसम्बर को मनीष सिसोदिया पहुंच रहे हैं लखनऊ। सिद्धार्थ नाथ सिंह बताएं समय और स्थान। डिबेट करने के लिए चुनौती मंजूर।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जैसे ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ने की की घोषणा। पूरी प्रदेश की भाजपा व प्रदेश सरकार अरविंद केजरीवाल पर टूट पड़ी। प्रदेश की भाजपा सरकार ने दिल्ली के शिक्षा के मॉडल से अच्छा बताया उत्तर प्रदेश के शिक्षा का मॉडल।प्रदेश के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने दी दी है चुनौती। दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया कर सकते हैं मुझसे डिबेट। वह चुनौती करते हैं स्वीकार। 22 दिसम्बर को मनीष सिसोदिया होंगे लखनऊ में। उत्तर प्रदेश में स्कूलों का हाल जर्जर। मिड डे मील में मिलता है नमक और रोटी। पीने की पानी की व्यवस्था नहीं। प्रदेश में 28000 ऐसे सरकारी स्कूल जहां आज तक बिजली नहीं पहुंची। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह की चुनौती।

## काकोरी कांड के अमर शहीदों को मोमबत्ती प्रज्ज्वलित कर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

बरेली। मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में डी.डी.पुरम शहीद स्मारक पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें




काकोरी कांड के चारों शहीदों की बरसी पर उन्हें मोमबत्ती प्रज्ज्वलित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।श्रद्धांजलि सभा में क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा और शिक्षाविद डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने अमर शहीद राम प्रसाद विस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेन्द्र लाहिरी और ठाकुर रोशन सिंह की वीरता, देशप्रेम और पराक्रम से युवाओं को प्रेरणा लेने का आव्हान किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना और महासचिव अभय सिंह भटनागर ने कहा कि आज हमारा देश आजाद है तो इन शहीदों की बदौलत। डॉ. रीता शर्मा ने देशभक्ति का गीत ए मेरे वतन के लोगों सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। चित्रा जौहरी, किरण सक्सेना ,सुधीर मोहन, मीरा मोहन, निर्भय सक्सेना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आंदोलन: सर्दी नहीं थाम पा रही किसानों के कमद

### –तीन डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान भी नहीं कर पाया जोश कम
### –भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता पलवल बार्डर के लिए हुए रवाना

मथुरा। मौसम का तापमान और किसान आंदोलन की तपिश उलट चाल चल रहे हैं। तीन डिग्री तक जा पहुंचा न्यूनतम तापमान भी किसान आंदोलनकारियों के कदम नहीं थाम सका है। रविवार को बडी संख्या में मथुरा से किसान पलवल बार्डर के लिए कूंच कर गये। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि अध्यादेशों के खिलाफ पूरे देश के किसान आंदोलन कर रहे हैं। राजधानी दिल्ली को जाने वाले सभी हाइवे किसानों द्वारा कब्जा रखे हैं। रविवार सुवह भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मथुरा राजकुमार तौमर के नेतृत्व में दो दर्जन गाड़ियों में सैकड़ों किसानों का काफिला पलवल हरियाणा के लिए रवाना हुआ।कृषि बिल को लेकर देशभर के किसान पिछले 25 दिन से आंदोलन कर रहे हैं।किसानों की प्रमुख मांग हैं सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बने और तीन कृषि अध्यादेश वापस किए जाए।इस दौरान भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष मथुरा राजकुमार तौमर ने बताया कि केंद्र सरकार जब तक एमएसपी पर कानून नही बनाती और तीनों कृषि अध्यादेशो को वापस नही करती हमारा आंदोलन यूही अनवरत चलता रहेगा। हम आज सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओ के साथ पलवल के लिए जा रहे हैं।काफिले में जिला अध्यक्ष के साथ मीडिया प्रभारी शिवकुमार तौमर संगठन मंत्री अमित चौधरी महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी वृंदावन अध्यक्ष चंद्रपाल सिकरवार जिला उपाध्यक्ष चेतन नौहवार खुशी पहलवान करुआ सिंह प्रदेश प्रचार मंत्री अंशु नौहवार जिलाउपाध्यक्ष लेखराज पहलवान नगर अध्यक्ष वृंदावन मुहम्मद अब्बास अवधेश रावत छोटू हलवाई मुकेश रावत प्रताप सिंह नेताजी सोनू प्रधान जितेंद्र तौमर रतन बाबा मनीराम सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने पलवल किसान आंदोलन के लिए कूच किया।

## मा0मंत्री जी जनप्रतिधियों, कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक करेगें:–ओम सिंह

हरदोई। निजी सचिव औद्योगिक विकास विभाग उ0प्र0, ओम सिंह ने अवगत कराया है कि मा0 मंत्री औद्योगिक विकास उ0प्र0 (प्रभारी मंत्री) श्री सतीश महाना जी 21 दिसम्बर 2020 को जनपद भ्रमण के दौरान स्थानीय निरीक्षण भवन में अपरान्ह 01 बजे 02 बजे तक मा0 जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता करने के बाद 02 से 03 बजे तक कोर ग्रुप साथ बैठक करेगें। उन्होने बताया है कि मा0 मंत्री जी सायं 04 से 06 बजे तक विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यो की समीक्षा करेगें।

## ट्रक से डीसीएम टकराई, प्रवासी मजदूर की मौत

संवाददाता, बांदा। ट्रक के अचानक ब्रेक मार देने से पीछे चल रही तेज रफ्तार डीसीएम ट्रक में जा घुसी। उस पर सवार एक प्रवासी मजदूर युवक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे यहां सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मृतक और घायल मामा–भांजा बताए गए हैं। ट्रक और डीसीएम दोनों ही चालक वाहन छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल में मर्च्युरी में भेज दिया है। घटना शनिवार की देर रात तिंदवारी थाना क्षेत्र सैमरी नाला के पास बांदा।

## एससी एसटी की रिपोर्ट दर्ज

नवाबगंज/उन्नाव। सोहरामऊ कस्बे के थाने के कस्बा निवासी गजानी पत्नी स्व.बाबू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शनिवार को उसका बेटा भानू गांव की दुकान में गुटखा लेने गया था। इस दौरान वहां मौजूद गोविंद व उसके साथी रवी ने अकारण गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। इसी मामले गोविंद की बहन सुनीता पत्नी जवाहरलाल ने क्रॉस रिपोर्ट देते हुए कहा कि उसका भाई व उसका दोस्त बाइक से जा रहे थे। इस दौरान भानु नामक व्यक्ति ने बाइक की चाभी निकाल कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। एसओ सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि एक पक्ष की तहरीर पर एससीध्एसटी व दूसरे पक्ष की तहरीर पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

## वरिष्ठ आईएएस अधिकारी परिवार के साथ घूमे पक्षीविहार

नवाबगंज/उन्नाव। प्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी व प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आलोक कुमार रविवार सुबह 12 बजे पत्नी व बच्चो के साथ नवाबगंज के शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार घूमने के लिए पहुचे। सचिव लखनऊ से सीधे परिवार के साथ वन विश्राम भवन पहुचे। जहां से वन दरोगा हरिशंकर पांडेय ने उन्हे पक्षीविहार के झील परिक्षेत्र का भ्रमण कराने के साथ ही,पैदल पथ,पक्षी संग्राहलय के बारे मे बताया। वही टेलीस्कोफ की मदद से दूर देश से आने वाले साइबेरियन पक्षियों को देखा।परिवार संग वापस लौटते समय बच्चो के साथ चिल्ड्रेन पार्क मे लगे झूलों का भी लुत्फ उठाया। वही वन क्षेत्र मे बने हिरण अभ्यारण को भी देखा। लगभग 3बजे सचिव परिवार के साथ वापस लखनऊ लौट गए। इस दौरान हसनगंज एसडीएम प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

## हाइवे से निकले मेघालय के राज्यपाल

नवाबगंज/उन्नाव। शनिवार शाम को लखनऊ कानपुर हाइवे के रास्ते मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक का काफिला निकला। इस दौरान उनके काफिले को लखनऊ प्रशासन ने हाइवे के रास्ते सुरक्षित कानपुर छोड़ा। राज्यपाल सत्यपाल मलिक का काफिला शनिवार शाम को टोल की 11 नंबर लेंन से निकाला गया। पूर्व सूचना के मुताबिक प्रबंधन ने 11 व 12 दो लेन काफिला निकलने के 20 मिनट पहले ही खाली करवा दी थी।सूत्रों के मुताबिक राज्यपाल कानपुर में एक रात का प्रवास करेंगे।इस दौरान अजगैन कोतवाल संतोष कुमार चौकी इंचार्ज जितेंद्र यादव व सोहरामऊ एसओ सुरेश कुमार पटेल पुलिस ने राज्यपाल के काफिले को कानपुर बार्डर पर छोड़ा।

## साप्ताहिक बाजार के दौरान हाइवे पर लगा भीषण जाम

नवाबगंज/उन्नाव। कस्बे हाइवे किनारे लगने वाली सप्ताहिक बाजार में रविवार को लखनऊ कानपुर के दोनो लेन में भीषण जाम रहा। हाइवे से गुजरने वालो वाहन सवार लगभग दो घण्टे जाम के माहौल में निकले। नवाबगंज कस्बे की गुरुवार व रविवार की साप्ताहिक बजारे हाइवे किनारे काफी अरसे से लग रही है। इसको लेकर कई बार स्थानीय लोगो ने पूर्व में कई नगर पंचायत अध्यक्षो से आपत्ति दर्ज कराते हुए बाजार को अंदर लगवाने की गुजारिश भी की थी। इस बार मौजूदा नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने शिकायत को संज्ञान में लेकर हाइवे की बाजार स्थल के बदलाव के लिए श्यामलाल इण्टर कालेज के पास एक अतिरिक्त मंगलवार को भी बाजार लगवाने का प्रयास भी किया। मगर स्थानीय लोगो के न पहुचने से सप्ताह की लगने वाली तीसरी बाजार असफल हो गई। जिससे हाइवे किनारे बाजार लगने से जाम के हालात बन जाते है। रविवार को भी बाजार के चलते लखनऊ कानपुर हाइवे के दोनो छोर में एक किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया। जिससे हाइवे से गुजरने वाले वाहन सवार लगभग दो घण्टे तक रेंगते हुए निकले। स्थानीय लोगों ने जाम लगने की मुख्य वजह कस्बा हाइवे किनारे संचलित होटल ढाबों में खड़े होने वाहनों द्वारा सर्विसे लेन घेर लेना बताया है। कई बार टोल की रेस्क्यू टीम से मामले की शिकायत भी की गई,लेकिन सुनवाई न होने से स्थानीय लोग जाम व दुर्घटना का शिकार होते है। नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने बताया कि तीसरी बाजार को कस्बे में लगवाने का प्रयास असफल रहा। फिर भी सर्विसेलेन के अतिक्रमण से लगने वाले जाम से कुछ हल निकाला जाएगा।

# प्रधानमंत्री की भागीदारी के साथ शताब्दी समारोह एक महत्वपूर्ण अध्याय

संवाद्दाता

अलीगढ। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (एएमयूटीए) ने शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की भागीदारी का गर्मजोशी से स्वागत किया है। एसोसिएशन ने कहा है कि प्रधानमंत्री की आनलाइन शताब्दी समारोह कार्यक्रम में भागीदारी सभी के लिये हर्ष का विषय है और हमें पूरी उम्मीद है कि उनकी उपस्थिति से इस संस्था के समग्र विकास को बढ़ाने में मदद मिलेगी।"एएमयू टीचर्स एसोसिएशन द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, " प्रधानमंत्री की भागीदारी के साथ संस्थान का शताब्दी समारोह एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में इतिहास में दर्ज किया जाएगा। हम शिक्षा के इस महान केंद्र में खुशी के इस अवसर पर देश और विदेश से सभी की भागीदारी का स्वागत करते हैं।" प्रस्ताव में आगे कहा गया, "शिक्षकों और एएमयू समुदाय की ओर से, अमूटा की कार्यकारी समिति, प्रधानमंत्री से सरकार द्वारा अनुमोदित अनुदान को 20–25 प्रतिशत बढ़ाने का अनुरोध करती है। इसके अतिरिक्त चिकित्सा विज्ञान, जीव विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कानून और साहित्य, सैन्य, अंतरिक्ष और समुद्री विज्ञान केंद्रों के क्षेत्र में उत्कृष्टता के कई केंद्रों की स्थापना हो, एएमयू में छात्रों के लिए नई आवास सुविधाएं उपलब्ध हों और अलीगढ़ जिले को एक बड़ा स्मार्ट शहर और शिक्षा और व्यवसाय का केंद्र बनाया जाए। एएमयू को प्रधानमंत्री से बहुत सकारात्मक आशायें हैं और इससे संस्था तथा देश की उन्नती का मार्ग प्रशस्त होगा। अमूटा मानद सचिव प्रोफेसर नजमुल इस्लाम ने कहा कि कार्यकारी समिति की बैठक में उक्त प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस अवसर पर, एएमयू समुदाय के सभी सदस्य अपनी मातृत्व संस्था और इसके संस्थापक सर सैयद अहमद खान को श्रधांजलि अर्पित करते हैं। प्रोफेसर नजमुल इस्लाम ने कहा, "एक प्रसिद्ध कहावत है कि शिक्षा तथ्यों को जानने का नाम नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य एक विचारशील मष्तिक को विकसित करना है और यही शिक्षा हमें एएमयू के महान संस्थापक द्वारा दी गई है।

# मजदूरों को बंधक बनाए जाने की सूचना पर प्रशासन में मचा हड़कंप

संवाद्दाता

सुल्तानपुर। रनमूसेपुर में ईंट भट्ठे पर मजदूरों को बंधक बनाए जाने की सूचना पर शनिवार को जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। डीएम के आदेश पर एसडीएम टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। हालांकि जांच में बंधक बनाए जाने की सूचना फर्जी निकली। एसडीएम ने भट्ठे पर मौजूद 41 लोगों को मिनी ट्रक पर बैठाकर उनके घर भेज दिया। बल्दीराय तहसील के हलियापुर थाना क्षेत्र में स्थित रनमूसेपुर में एक भट्ठा चल रहा है। एक सप्ताह पहले भट्ठे पर मुरादाबाद जिले के एक ठेकेदार ने 24 मजदूर बदायूं जिले के शोभनपुर से भिजवाए थे। इसके लिए ठेकेदार ने भट्ठा संचालक जितेंद्र सिंह से 86 हजार रुपये भी अग्रिम ले लिया था। ठेकेदार ने रुपये मजदूरों को नहीं दिए थे। मजदूरों को भट्ठे पर भेजकर ठेकेदार फरार हो गया। इसी बीच किसी ने भट्ठा मालिक की ओर से मजदूरों को बंधक बनाने की सूचना अनुसूचित जाति आयोग को दे दी। अनुसूचित जाति आयोग ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। सूचना मिलने पर जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। शनिवार को डीएम रवीश गुप्ता के आदेश पर उपजिलाधिकारी बल्दीराय राजेश सिंह ने एक टीम गठित की। गठित टीम में शामिल तहसीलदार बल्दीराय शैलेंद्र चौधरी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रकाश चंद्र व अलंकृता उपाध्याय मौके पर पहुंचे। भट्ठे पर मौजूद मजदूरों कल्लू, धन सिंह, राजा बाबू, सोल सिंह, सतीश, भूरे, जोगेंद्र, पूरन, किशन, कररू आदि के बयान दर्ज किए। सभी ने ठेकेदार को ही दोषी ठहराया व अपने घर वापस जाने की इच्छा जताई। अधिकारियों के कहने पर भट्ठा मालिक ने एक मिनी ट्रक मौके पर बुलाया। भट्ठे पर काम कर रही 24 महिला पुरुष मजदूर व 17 बच्चों सहित कुल 41 लोगों को भट्ठा मालिक ने रास्ते का खर्च देकर घर भेज दिया।

# वरिष्ठ प्रवक्ता को दिया जाए प्रिंसिपल का चार्ज

संवाद्दाता

सुल्तानपुर। मृतक आश्रित के रूप में नियुक्ति पाए युवक को ज्वॉइन नहीं कराने के मामले में जिलाधिकारी ने डीआईओएस को जवाहरलाल स्मारक इंटर कॉलेज गरएं के तदर्थ प्रधानाचार्य को हटाकर किसी वरिष्ठ प्रवक्ता को चार्ज देने का निर्देश है। प्रयागराज जिला निवासी कल्लूराम बीपी इंटर कॉलेज कुड़वार में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। 25 दिसंबर 2019 को उनका आकस्मिक निधन हो गया था। मृतक आश्रित के रूप में उनके पुत्र अमरेंद्र यादव का चयन लिपिक पद पर जनपदीय चयन समिति ने 24 जुलाई 2020 को जवाहर लाल स्मारक इंटर कॉलेज गरएं के लिए किया था। तत्कालीन डीआईओएस एसके तिवारी के निर्देश पर इंटर कॉलेज की प्राधिकृत नियंत्रक अनुपम श्रीवास्तव ने चार सितंबर को नियुक्ति पत्र निर्गत किया था। तब से अमरेंद्र नियुक्ति के लिए विद्यालय के चक्कर काट रहा है। मामले में डीआईओएस ने चार बार जॉइनिंग के लिए लिखित निर्देश जारी किया था। इसके बावजूद अमरेंद्र को ज्वॉइन नहीं कराया गया। मामले में डीआईओएस जेपी यादव की रिपोर्ट पर डीएम रवीश गुप्ता ने कहा है कि विभागीय आदेशों का अनुपालन नहीं करने वाले तदर्थ प्रधानाचार्य को मुक्त करते हुए विद्यालय के किसी वरिष्ठ प्रवक्ता को प्रिंसिपल का चार्ज दिया जाय।

# मृतक की जमीन का बैनामा लिखाने के मामले में कानूनगो समेत चार पर केस

संवाद्दाता

सुल्तानपुर। मृतक की जमीन का बैनामा लिखाने के मामले में कानूनगो समेत चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है। मामला जयसिंहपुर कोतवाली के परसा गांव से जुड़ा है। गांव निवासी अमर बहादुर की तहरीर पर पुलिस ने जयसिंहपुर कोतवाली में अयोध्या जिले के हैदरगंज थाने के घोपा डुहिया गांव निवासी कानूनगो राम अधार यादव, रामपुर प्रतापपुर गांव निवासी बजरंग बहादुर पाल, पचगवां निवासी सूर्यभान यादव और एक अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अमर बहादुर का कहना है कि उनके चाचा रघुनाथ को कोई संतान नहीं थी। रघुनाथ की मौत के बाद उनकी सभी चल अचल संपत्ति पत्नी सुखराजी के नाम दर्ज हो गई थी। 15 जून 2015 को सुखराजी की मृत्यु हो जाने पर उनकी संपत्ति भतीजे अमर बहादुर, अर्जुन व यदुनाथ के नाम दर्ज हो गई। आरोप है कि सुखराजी की मौत हो जाने के बाद धोखाधड़ी करके 25 जून 2015 को मालती निवासी जजवारा पश्चिम राठ थाना बीकापुर जिला अयोध्या के नाम बैनामा लिखा गया था। बैनामे में बजरंग बहादुर पाल व सूर्यनाथ यादव गवाह बनाए गए थे। इसकी जानकारी मिलने पर अमर बहादुर परिवार के अन्य लोगों के साथ बैनामेदार मालती के घर गया। मालती ने बताया कि कानूनगो राम अधार यादव ने ही एक महिला को फर्जी तरीके से सुखराजी बनाकर उसे बैनामा लिखवाया था। अमर बहादुर ने पूरे मामले की शिकायत एसपी से की। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने जयसिंहपुर कोतवाली में कानूनगो समेत चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

# शहीदों की याद में एसएफआई व डीवाईएफआई ने निकाला जुलूस

संवाद्दाता

सुल्तानपुर। काकोरी कांड के शहीदों की याद में शनिवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) व भारत की जनवादी नवजवान सभा (डीवाईएफआई) ने शहर में जुलूस निकाला। पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में स्थित पं. राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एसएफआई और डीवाईएफआई ने संयुक्त रूप से काकोरी के शहीदों की याद में सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है नारे के साथ बस अड्डे से पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार तक जुलूस निकाला। यहां पर पं. रामप्रसाद बिस्मिल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भारत की जनवादी नवजवान सभा के जिलाध्यक्ष मुदस्सर खान ने कहा कि हम क्रांतिकारी विरासत की शहादत के वारिस हैं। आजादी के आंदोलन में आजाद भारत के बाद का जो सपना हमारे पुरखों ने देखा था, हम उसे पूरा करने के लिए संकल्पित हैं। एसएफआई के जिला सचिव सौरभ मिश्र ने कहा पं. राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खान की शहादत साझी विरासत का सबसे बड़ा उदाहरण है। ये शहादत हमारे पाठ्यक्रमों का हिस्सा होना चाहिए। डीवाईएफआई के जिला उपाध्यक्ष शशांक पांडेय ने कहा कि देश के अंदर कुछ ताकते हैं जो लगातार लोगों के बीच में जाति और धर्म के आधार पर नफरत फैलाने का काम कर रही हैं। गोष्ठी को विवेक विक्रम सिंह और राधेश्याम वर्मा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर शिवपूजन पांडेय, अभिषेक कुमार, जगदंबा प्रसाद, राजीव तिवारी, राजकुमार, विपिन पाल, शुभम समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# शहीद स्मारक सेवा समिति ने मनाया 36वां वार्षिकोत्सव

संवाद्दाता

सुल्तानपुर। काकोरी कांड के शहीदों की स्मृति में शनिवार को शहर के पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में शहीद स्मारक सेवा समिति का 36वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। समारोह में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जरूरतमंदों को साइकिल, सिलाई मशीन व ठेला रिक्शा का वितरण किया गया। शहीद स्मारक सेवा समिति के 36वें वार्षिकोत्सव पर शहर के पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह में वक्ताओं ने शहीदों के बारे में अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

# यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा से आप कार्यकर्ता मुदित

संवाद्दाता

सुल्तानपुर। यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा का आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का आभार जताया है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रवींद्र तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक जितनी भी पार्टियां आई, सभी ने जाति व धर्म के नाम पर चुनाव लड़ा है। आम आदमी पार्टी के मैदान में उतरने के बाद यह तस्वीर बदलेगी। अब प्रदेश में भी बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि मुद्दों पर बात होगी। जिला प्रभारी रवींद्रमणि वर्मा ने कहा कि दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया ने प्रदेश सरकार के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के सरकारी स्कूल के मुद्दे पर बहस की चुनौती को स्वीकार कर लिया है। वे 22 दिसंबर को लखनऊ आ रहे हैं। प्रदेश और देश को पता चलना चाहिए कि किसका शिक्षा और स्वास्थ्य का मॉडल बेहतर है और किसके दावे खोखले हैं। जिला महासचिव रामबिलास तिवारी ने कहा कि पार्टी प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाती है कि प्रदेश को वही सुविधाएं मिलेंगी, जो दिल्ली की जनता को मिलती हैं।

# 50 हजार रुपये देकर हिस्ट्रीशीटर से कराई गई थी हिमांशु की हत्या

संवाद्दाता

सुल्तानपुर। पखवारे भर पूर्व शहर से अगवा कर की गई युवक की हत्या का शनिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। चांदा क्षेत्र के एक प्रॉपर्टी डीलर ने हिस्ट्रीशीटर को 50 हजार रुपये देकर हत्या कराई थी। हिस्ट्रीशीटर अपराधी और प्रॉपर्टी डीलर को गिरफ्तार करके पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कार और एक पाइप बरामद किया है। हत्या में शामिल प्रेमिका और उसकी मां की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। कोतवाली नगर क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी सिविल लाइन निवासी हिमांशु सिंह (28) पुत्र प्रदीप सिंह का शास्त्रीनगर मोहल्ले की रहने वाली प्रतिभा उपाध्याय की पुत्री सजल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछले तीन दिसंबर को हिमांशु सिंह अचानक लापता हो गया। हिमांशु के भाई शिवेंद्र सिंह ने नगर कोतवाली में प्रतिभा उपाध्याय और उसकी बेटी सजल के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी शिवहरी मीणा ने अपहरण के मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ सिटी सतीश चंद्र शुक्ल को खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसी बीच चार दिसंबर को बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के अखैय्यापुर के पास नाले में एक शव पाया गया था। शव पाए जाने के 10 दिन बाद शिवेंद्र सिंह ने थाने में लगी फोटो के आधार पर शव की शिनाख्त अपने भाई हिमांशु के रूप में की थी। इसके बाद कोतवाली नगर पुलिस ने अपहरण के दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी थी। इसी बीच पुलिस ने चांदा कोतवाली क्षेत्र के कोथरा गांव के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर अपराधी वाहिद खान को गिरफ्तार किया तो उसने हत्या का जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक इलाके का रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर गुफरान अख्तर ने 50 हजार रुपये हत्या के लिए दिए थे। इस मामले में प्रतिभा ने अपने करीबी गुफरान से मदद मांगी थी। जिसके बाद से उसे सुपारी मिली थी। पुलिस ने वाहिद के बताने के बाद गुफरान अख्तर को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के बाद शव को ले जाकर फेंकने में शामिल कार के साथ ही पाइप को भी पुलिस ने बरामद कर लिया। सीओ सिटी सतीश चंद्र शुक्ल ने बताया कि हत्या में शामिल प्रतिभा उपाध्याय और उसकी बेटी सजल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। हिमांशु की हत्या में शामिल एक अन्य आरोपी प्रदीप मिश्रा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# आरईएस के जेई समेत चार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

संवाद्दाता

सुल्तानपुर। ब्लॉक दिवस पर कूरेभार विकासखंड के निरीक्षण में कई खामियां पाई गई हैं। कार्य व अभिलेखों में गड़बड़ी पर मुख्य विकास अधिकारी ने आरईएस के जेई समेत चार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। सीडीओ के पहुंचने से ब्लॉक में खलबली मची रही। शनिवार को एक विकास खंड में आयोजित होने वाले ब्लॉक दिवस के क्रम में कूरेभार में आयोजन हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स के निरीक्षण व कार्यों की समीक्षा में पत्रावलियों का रख–रखाव ठीक नहीं मिला। शिकायत पंजिका व आरटीआई पंजिका अद्यतन नहीं पाई गई। नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने शिकायत लिपिक को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी। एनआरएलएम की प्रगति खराब मिलने पर बीएमएम राम सरन के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत इस्माइलपुर के अभिलेखों (मस्टर रोल व एमबी) का रख रखाव ठीक नहीं पाया गया। सीडीओ की ओर से जानकारी चाहने पर ग्राम पंचायत अधिकारी रवि सिंह, आरईएस के अवर अभियंता ऋषभ पटेल सही जानकारी नहीं दे सके। इस पर नाराजगी जताते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को जांच करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है। ब्लॉक दिवस में सीडीओ ने विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को इसमें तेजी लाने, पत्रावलियों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इसके पहले मुख्य विकास अधिकारी ने भरथीपुर में मनरेगा से खेल मैदान का कराए गए कार्य का निरीक्षण किया। मिली खामियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है।

# विपक्ष के माननीय झेल रहे निधि बंद होने का दर्द

सुल्तानपुर। कोरोना काल में सांसद व विधायक निधि पर रोक लगने का दर्द विपक्षी माननीय झेल रहे हैं। उनके पत्र पर इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से मरीजों को धनराशि मिल जा रही है लेकिन क्षेत्र के लोगों की छोटी जरूरतें वे विभागों से पूरी नहीं करा पा रहे हैं। सत्तापक्ष के आगे अधिकारी विपक्षी माननीयों को वजन नहीं दे रहे हैं। विपक्षी माननीयों का कहना है कि काम नहीं होने पर वे क्षेत्र के लोगों से हाथ जोड़ ले रहे हैं। विपक्ष के माननीय अब निधि शुरू करने की हिमायत कर रहे हैं। सपा के विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि कोरोना काल में सरकार की ओर से निधि बंद किए जाने से परेशानी आ रही है। क्षेत्र के लोग बड़ी उम्मीदों से पास आते हैं। निधि बंद होने से हैंडपंप, सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग, विद्यालय कक्ष निर्माण जैसी छोटी जरूरतें क्षेत्र के लोगों की पूरी नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष में होने के नाते विभागीय अधिकारी भी उनके आग्रह को बहुत महत्व नहीं देते हैं। यहां तक कि उपकरण वितरण आदि कार्यक्रमों तक में नहीं बुलाया जाता। काम नहीं करा पाने की स्थिति में क्षेत्र के लोगों से हाथ जोड़ लेना पड़ रहा है। सोलर लाइट, हैंडपंप के लिए ही दर्जनों लोग आ चुके हैं। बताया कि गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए लोगों को निराश नहीं होना पड़ रहा है। पत्र पर मुख्यमंत्री की ओर से इलाज के लिए धनराशि दी जा रही है। अब तक कई लोगों को इलाज का पैसा दिलवाया गया है। इसौली के सपा विधायक अबरार अहमद ने बताया कि विधायक निधि बंद होने से क्षेत्रीय लोगों का कार्य बाधित हो गया है। विपक्षी पार्टी का होने की वजह से क्षेत्र के लोगों को हैंडपंप, सोलर लाइट, मार्ग निर्माण समेत अन्य कार्य नहीं करा पा रहे हैं। विपक्ष में होने की वजह से शासन से स्वीकृत कार्यों में भी पूरी हिस्सेदारी नहीं मिल पाती है। अधिकारी क्षेत्रीय लोगों के छोटे–मोटे कार्य भी टाल देते हैं। केवल इलाज की सुविधा मुख्यमंत्री राहत कोष से मरीजों को मिल पा रही है। यदि निधि मिलती होती तो विपक्ष में रहते हुए भी क्षेत्र के लोगों का कुछ कार्य करवाया जा सकता था। अब निधि नहीं होने व अधिकारियों की ओर से सुनवाई नहीं किए जाने से दिक्कत आ रही है।

# कुलदीप प्रकरण: सेंगर के भाई को अंतरिम जमानत, खेमें में जागी उम्मीद

उन्नाव। दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हत्या में तिहाड़ जेल में बंद पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर के भाई को अंतरिम जमानत मिलने के बाद ममला एकबार फिर चर्चा में आ गया है। दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हत्या में तीस हजारी कोर्ट ने 13 मार्च 2020 को पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर व उनके छोटे भाई जयदीप सिंह उर्फ अतुल सहित सात लोगों



को हत्या का दोषी पाते हुए दस साल कारावास की सजा सुनाई थी। दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद अतुल सेंगर ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपनी बीमारी का हवाला देते हुए इलाज के लिए जमानत अर्जी दी थी। सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उन्हें आठ सप्ताह की सर्शत अंतरिम जमानत दी है। न्यायाधीश की ओर से दिल्ली से बाहर न जाने, मुकदमे में वादी एवं साक्षी गणों से संपर्क न करने, अपना मोबाइल फोन हमेशा ऑन रखने, गूगल मैप पर अपना पिन नंबर डालकर लोकेशन सीबीआई को उपलब्ध कराने, अंतरिम जमानत की अवधि में कोई भी अपराध न करने, सीबीआई को दिए निदेश दिया है कि अभियुक्त जयवीर सिंह उर्फ अतुल के खिलाफ अंतरिम जमानत अवधि में अगर कोई एफआईआर दर्ज होती है तो तत्काल न्यायालय को सूचना देने का भी निर्देश दिया है। साथ 8 सप्ताह पूरे होते ही जेल अधीक्षक तिहाड़ जेल के समक्ष आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। उधर किशोरी से दुष्कर्म में आजीवन कारावास व अन्य मामलों में दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट के फैसले के खिलाफ पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर के वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट में पहले ही अपील दाखिल कर रखी है। सेंगर खेमे को उम्मीद है कि सुनवाई होने के बाद हाईकोर्ट से राहत मिल सकती है।

यह था मामला

3 अप्रैल 2018 को दिल्ली से अपने गांव पहुंचे दुष्कर्म पीड़िता के पिता को पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप उर्फ अतुल सेंगर ने साथियों के साथ मिलकर पीटा था। बाद में पुलिस पर दबाव बनाकर पिता के खिलाफ ही आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

9 अप्रैल 2018 को न्यायिक हिरासत में उसके पिता की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 1 अगस्त 2019 से दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में इस मुकदमे की सुनवाई शुरू हुई थी। 4 मार्च 2020 को मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई थी। 13 मार्च 2020 को तीस हजारी न्यायालय ने कुलदीप सेंगर, उनके भाई अतुल सेंगर, माखी थाना के तत्कालीन एसओ अशोक सिंह भदौरिया, दरोगा केपी सिंह सहित सात लोगों को दस साल की सजा सुनाई थी।

# साक्षी महाराज बोले- मुस्लिमों से हटे अल्पसंख्यकों का दर्जा, कहा- जल्द लागू किया जा सकता है जनसंख्या नियंत्रण कानून

संवाद्दाता

उन्नाव। उन्नाव जिले में भैसौंरा गांव में विकास कार्यों के लोकार्पण के दौरान सांसद साक्षी महाराज ने अल्पसंख्यक मुद्दे को फिर हवा दी। उन्होंने कहा कि मुसलमानों से अल्पसंख्यक होने का दर्जा अब हटना चाहिए। आजादी के बाद देश में मुसलमानों की संख्या दो करोड़ से बढ़कर 32 करोड़ हो गई है। देश का मुसलमान अब अल्पसंख्यक नहीं रहा। जनसंख्या कानून पर सांसद ने कहा कि जमीनें कम और आबादी बढ़ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए जनसंख्या नियंत्रण कानून जल्द ही लागू किया जा सकता है। इसमें दो बच्चों से अधिक वाले परिवारों को सरकारी लाभ से वंचित रहना पड़ेग और राजनेता भी चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। दावा किया पिछले 70 सालों में जो देश का विकास कांग्रेस की सरकार नहीं करा पाई, उसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह सालों में करा दिया है। भाजपा सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम करती है। कहा कि हम तो प्याज लहसुन तक नहीं खाते, मुसलमानों को कहां खा जाएंगे। किसान आंदोलन को लेकर कहा कि देश का किसान खेतों में काम कर रहा है और कांग्रेस का किसान दिल्ली में आंदोलन कर रहा है। विधायक बृजेश रावत ने कहा कि नवाबगंज ब्लाक में 82 किमी लंबी सड़कों के निर्माण की सौगात मिली है। इसके पहले सासंद, मोहान विधायक व जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत का ब्लाक प्रमुख अरुण सिंह, ग्राम प्रधान तकदीर अली, अभयेंद्र सिंह व राजकुमार सिंह ने फूलों का हार ।

# सट्टा माफिया का बॉलीवुड कनेक्शन, कसीनों में सजती थी महफिल, कई हीरोइनों के साथ आरोपी की मिली फोटो

संवाद्दाता

कानपुर। कानपुर में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया नेपाल से सट्टे की रकम बटोरने आया राजेश यादव उर्फ राजा का बॉलीवुड से गहरा कनेक्शन मिला है। पुलिस की जांच



में पता चला है कि नेपाल के कसीनों में सजने वाली महफिलों में बॉलीवुड एक्ट्रेस को राजेश ही बुलवाता था। सट्टा और शराब की महफिल में नेपाल और भारत के बड़े कारोबारी व शातिर अपराधी शामिल होते थे। इस साल राजेश ने पचास करोड़ का सट्टा खिलवाया है। एसपी साउथ दीपक भूकर ने बताया कि अकेले आईपीएल में राजेश ने नेपाल में बैठकर 10 करोड़ का सट्टा खिलवाया था। वही रकम वह वसूलने आया था। पुलिस की जांच में उसके मोबाइल व सोशल मीडिया एकाउंट से तमाम फोटोग्राफ मिले हैं। इसमें बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस के साथ फोटो हैं। एसपी के मुताबिक आरोपी नेपाल के कसीनों में बॉलीवुड एक्ट्रेस के प्रोग्राम कराता था। एक तरफ सट्टा चलता था तो दूसरी तरफ बॉलीवुड नाइट। पुलिस अब आरोपी की कॉल डिटेल, व्हाट्सएप चौट आदि के जरिये बड़े कारोबारियों के साथ बॉलीवुड कनेक्शन की तलाश कर रही है। आशंका है कि सट्टे या नशे के कारोबार से बॉलीवुड कनेक्शन हो सकता है। एसपी साउथ ने बताया कि राजेश के संपर्क में बिरहाना रोड निवासी कल्लू, बिल्लू व एक कारोबारी अग्रवाल है। राजेश के गुर्गे बनकर ये कानपुर में उसका सट्टे का काम देखते हैं। राजेश के मोबाइल नंबर से भी इनके नंबर मिले हैं। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। ये सभी कारोबार के आड़ में सट्टा कराते हैं। एसपी के मुताबिक एप के जरिये ऑनलाइन सट्टे का बड़ा गिरोह राजेश नेपाल में बैठकर चलाता था। पुलिस की जांच में पता चला है कि राजेश सट्टे की रकम का लेनदेन हवाला के जरिये करता था। दरअसल, इतनी बड़ी रकम वो कैश लेकर यहां से नेपाल नहीं जा सकता। इसलिए उसने हवाला का नेटवर्क भी शहर में बना रखा था। रकम एकत्र करने के बाद कुछ कारोबारियों के पास पहुंचा दी जाती है। उधर नेपाल में इतनी ही रकम राजेश के कसीनो तक पहुंच जाती।

# फेसबुक पर शादी की फोटो पोस्ट करने पर खुली पोल, धर्म छिपाकर युवती के साथ युवक ने लिए थे सात फेरे

संवाद्दाता, कन्नौज। कन्नौज जिले के गुरसहायगंज में धर्म छिपाकर एक युवक ने दूसरे धर्म की युवती से हिंदू रीति रिवाज के अनुसार फेरे लेकर शादी की। उसकी पोल तब खुली जब लड़की के भाई ने शादी की फोटो फेसबुक पर पोस्ट की। कमेंट आते ही परिवार के होश फाख्ता हो गए। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। युवती (प्राइवेट शिक्षिका) के भाई ने बताया कि 10 दिसंबर को परिवार सहित लखनऊ में जाकर बहन की शादी की थी। हिंदू रीति रिवाज से हुई शादी के बाद उसने जयमाला की कुछ फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर दी थी। यह फोटो देखकर कुछ लोगों ने बताया कि उसकी बहन की जिस युवक से शादी हुई वह दूसरे धर्म का है। यह कमेंट देखते ही पैरों तले जमीन खिसक गई। पड़ताल करने पर मालूम हुआ कि युवक का असली नाम मोहम्मद तौफीक खां पुत्र आरिफ निवासी ग्राम खाडेघ्देवर गुरसहायगंज कोतवाली है। पीड़िता के भाई ने बताया कि बरात की रस्म के दौरान कहीं पर भी मोहम्मद तौफीक खां ने गैर धर्म का होने का एहसास नहीं होने दिया गया। पूरी शादी उसने हिंदू रीति रिवाज से की। कोतवाल राजा दिनेश सिंह ने बताया कि गैर धर्म के युवक ने हिंदू युवती को धोखे में रखकर हिंदू रीति रिवाज से शादी की है। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी गई है। आरोपी बेहद शातिर है। करीब पांच साल से वह हिंदू बनकर रह रहा था। उसने वोटर आईडी कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी राहुल वर्मा पुत्र राजेश वर्मा निवासी गुरसहायगंज के नाम से बनवा रखा था। परिवार से अलग रहकर वह लखनऊ में रहने लगा था।

# विराट कोहली बोले, हमारा सबसे खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन लेकिन तिल का ताड़ मत बनाइये

एजेंसी
एडीलेड। भारतीय कप्तान विराट कोहली अपनी टीम द्वारा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक के सबसे कम टेस्ट स्कोर 36 रन के ' खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन' को याद नहीं करना चाहते और उन्होंने लोगों से ' तिल का ताड़' नहीं बनाने का आग्रह किया। उन्होंने बल्लेबाजों में 'जज्बे की कमी' के बारे में बात की। भारतीय कप्तान ने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन दिन की शुरूआत 62 रन की बढ़त के साथ करने के बाद भी मयंक अग्रवाल (40 गेंद में नौ रन) के खेलने के तरीके पर सवाल उठे। कोहली ने पहले टेस्ट को आठ विकेट से गंवाने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' मुझे नहीं लगता कि हमने कभी इससे बदतर बल्लेबाजी प्रदर्शन किया है। इसलिए हम यहां से केवल आगे आगे बढ़ सकते हैं और आप देखेंगे कि खिलाड़ी इस दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।'' भारतीय कप्तान ने टीम का बचाव करने की पूरी कोशिश की लेकिन विदेश में इस साल लगातार छठी टेस्ट पारी में टीम के 250 से कम स्कोर के बाद बल्लेबाजी का बचाव करना मुश्किल था। उन्होंने कहा, '' ईमानदारी से अपने विचार रखूं तो यह अजीब है। गेंद में ज्यादा हरकत नहीं थी लेकिन हम में मैच को



आगे ले जाने का जज्बा नहीं दिखाया।'' भारतीय पारी के महज 21.2 ओवर में सिमटने पर उन्होंने कहा, ''सब कुछ इतनी जल्दी हुआ कि कोई कुछ समझ नहीं पाया।'' कोहली की कप्तानी में 2018 के ऑस्ट्रेलिया दौरे को छोड़ दे तो भारतीय पारी कई बार ताश के पत्तों की तरह बिखरी है। इस साल न्यूजीलैंड के बाद यह लगातार छठी पारी है जब टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। कोहली को हालांकि इसमें कुछ भी चिंताजनक नहीं लगा रहा। उन्होंने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि यह चिंताजनक है और हम यहां बैठ कर तिल का ताड़ बना सकते है लेकिन यह चीजों को सही नजरिये से देखने के बारे में है।'' दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में लगभग 15 पारियों में भारतीय बल्लेबाजी सस्ते में निपटी है लेकिन भारतीय कप्तान को पिछले आठ–नौ वर्षों में ऐसी छह पारियां ही याद है। उन्होंने कहा, '' अगर मैं गलत नहीं हूं तो आप ने आठ–नौ वर्षों में सिर्फ पांच या छह बार बल्लेबाजी बिखरने के बारे में बात की। ऐसा बार–बार संभाव है और हमें अपनी गलती स्वीकार कर देखना होगा कि किस पहलू पर काम करना है। उन्होंने कहा, ''हम ने पर्याप्त क्रिकेट खेला है कि यह समझ सके की मैच के विभिन्न चरणों में क्या करना है। यह सिर्फ तीसरे दिन की योजना को सही तरीके से मैदान पर नहीं उतारने के बारे में है। उन्होंने कहा, '' आज हम नौ विकेट के साथ मैदान उतरे, हमें बेहतर बल्लेबाजी प्रदर्शन करना चाहिए था।मुझे नहीं लगता कि कोई मानसिक थकान के कारण हुआ।'' जोश हेजलवुड और पैट कमिंस शानदार लाइन और लेंग्थ से गेंदबाजी की लेकिन भारतीय कप्तान ने महसूस किया कि उन्होंने पहली पारी की तुलना में कुछ अलग नहीं किया। कोहली ने कहा, ''देखो, उन्होंने पहली पारी में भी इसी तरह की गेंदबाजी की। हम इसे संभालने और इसके बारे में योजना बनाने के मामले में बेहतर थे।'' कोहली अब श्रृंखला का हिस्सा नहीं होंगे वह पितृत्व अवकाश पर भारत वापस आ रहे है।

# एडीलेड की शर्मनाक हार के बाद भारत के घाव हो गए ताजा, पोंटिंग बोले- AUS के पास क्लीन स्वीप का बेहतरीन मौका

एजेंसी
मेलबर्न। पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि एडीलेड की शर्मनाक हार के बाद भारत के 'गंभीर घाव' ताजा हो गये हैं और यह आस्ट्रेलिया के पास चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने का बेहतरीन मौका है। भारत गुलाबी गेंद से खेले जा रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में दूसरी पारी में अपने न्यूनतम स्कोर 36 रन पर आउट हो गया था। आस्ट्रेलिया ने यह मैच आठ विकेट से जीतकर बॉर्डर–गावस्कर ट्राफी में 1–0 से बढ़त बनायी। पोंटिंग ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, ''अब कुछ गंभीर घाव खुल गये हैं। यह (क्लीन स्वीप का) अच्छा मौका हो सकता है। '' उन्होंने कहा, ''मेलबर्न में सकारात्मक परिणाम की उम्मीद रखिये और अगर हम ऐसा कर देते हैं तो फिर भारत के लिये वापसी करना और एक मैच जीतना मुश्किल हो जाएगा।'' भारत को बाकी बचे तीन टेस्ट मैचों में कप्तान विराट कोहली की कमी खलेगी जो अपने बच्चे के जन्म के कारण स्वदेश लौट जाएंगे और पोंटिंग ने कहा कि यह मेहमान टीम के लिये असली परीक्षा होगी जिसे अंजिक्य रहाणे की कप्तानी में वापसी करनी होगी। पोंटिंग ने कहा, ''हम उनके बारे में बहुत कुछ जानेंगे। कोहली के नहीं होने से उनके पास कोई ऐसा नहीं है जो उन्हें इस तरह की हार से



वापसी दिला सके। '' भारत को 26 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच के लिये अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश तलाशनी होगी क्योंकि युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी सॉव और विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा पहले टेस्ट में नहीं चल पाये थे। पोंटिंग विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ओर युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को मेलबर्न में मौका देने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा, ''वे दो बदलाव कर सकते हैं। ऋषभ पंत को मध्यक्रम में होना चाहिए। कोहली के नहीं होने से उन्हें अपनी बल्लेबाजी मजबूत करनी चाहिए और उसे अंतिम एकादश में रखना चाहिए।

# एयर इंडिया का निजीकरण इस साल पूरा होना मुश्किल, जानिए इसके पीछे की वजह

एजेंसी
नयी दिल्ली। एयर इंडिया के विनिवेश की प्रक्रिया अगले वित्त वर्ष तक खींच सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2020–21 में अब तीन महीने से कुछ ही अधिक समय बचे हैं, ऐसे में विनिवेश प्रक्रिया के पूरा होने की संभावना बहुत कम है। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाला टाटा



समूह तथा अमेरिका का कोष इंटरअप्स इंक समेत कई इकाइयों ने सरकारी एयरलाइन में हिस्सेदारी खरीदने को लेकर पिछले सप्ताह प्रारंभिक बोलियां लगायी। बोली जमा करने की समयसीमा 14 दिसंबर को समाप्त हुई। एयर इंडिया के 200 से अधिक कर्मचारियों के समूह ने भी इंटरअप्स के साथ मिलकर रूचि पत्र (ईओआई) जमा किया है। एक अधिकारी ने कहा, ''सौदा परामर्शदाता छह जनवरी को पात्र बोलीदाताओं को सूचित करेंगे। उसके बाद बोलीदाताओं को एयर इंडिया की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी से जुड़े आंकड़ें उपलब्ध कराये जाएंगे।'' अधिकारी ने कहा, ''शेयर खरीद समझौता बोलीदाताओं के साथ साझा किया जाएगा। उसके बाद वित्तीय बोलियां आमंत्रित की जाएंगी।'' उसने पीटीआई–से कहा, ''सौदा अगले वित्त वर्ष में पूरा होगा क्योंकि हमारा अनुमान है कि बोलीदाताओं को आंकड़ों (वर्चुअल डाटा रूम) तक पहुंच और वित्तीय बोली जमा करने से पहले कई सवाल होंगे।'' सरकार एयर इंडिया में अपनी पूरी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है। कंपनी 2007 में घरेलू एयरलाइन इंडियन एयरलाइंस के विलय के बाद से घाटे में है। हिस्सेदारी बिक्री प्रक्रिया में कोविड–19 महामारी के कारण देरी हुई है और सरकार एयरलाइन के लिये प्रारंभिक बोली लगाने को लेकर समयसीमा पांच बार बढ़ा चुकी है। सरकार 2017 से एयर इंडिया को बेचने का प्रयास कर रही है, लेकिन किसी ने कोई खास रूचि नहीं दिखायी। इसको देखते हुए सरकार ने इस बार सौदे से जुड़ी शर्तों को हल्का बनाया है। इसके तहत संभावित बोलीदाताओं को इस बारे में निर्णय करना है कि एयरलाइन का कितना कर्ज वे सौदे के तहत लेना चाहते हैं। अबतक बोलीदाताओं को पूरे 60,074 करोड़ रुपये के कर्ज की जिम्मेदारी लेने की जरूरत थी।

# टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत के सबसे खराब प्रदर्शन पर कुछ इस तरह रही विश्व क्रिकेट की प्रतिक्रिया

एजेंसी
एडीलेड। क्रिकेट जगत ने सदमे और हैरानी के साथ भारतीय टीम के उस दुस्वप्न पर प्रतिक्रिया व्यक्त की जो उसने यहां शनिवार को दिन के समय 36 रन के अपने न्यूनतम टेस्ट स्कोर पर सिमटकर देखा। भारतीय का मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी जोड़ी के सामने ढह गया जिससे आस्ट्रेलिया ने शुरूआती दिन रात्रि टेस्ट में ढाई दिन के अंदर आठ विकेट से शानदार जीत हासिल की। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों के स्कोर का जिक्र करते हुए ट्वीट किया, ''भूलने का ओटीपी है 49204084041''। कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका। सहवाग के आदर्श सचिन तेंदुलकर ने भी स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को चारों खाने चित्त कर दिया। तेंदुलकर ने लिखा, ''जिस तरह से भारत ने पहली पारी में बल्लेबाजी और गेंदबाजी की, वे अच्छी स्थिति में थे लेकिन आस्ट्रेलिया ने आज सुबह सचमुच शानदार वापसी की। '' उन्होंने लिखा, ''यही टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती है। यह तब तक खत्म नहीं होता, जब तक यह पूरा समाप्त नहीं हो जाता। भारत को दूसरे पारी में चित्त कर दिया गया। आस्ट्रेलिया को बधाई। '' भारत का पिछला न्यूनतम टेस्ट स्कोर 1974 में



इंग्लैंड के खिलाफ लार्ड्स में 42 रन का था। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को लगता है कि आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज शानदार थे। गावस्कर ने 'चौनल सेवन' से कहा, ''भारतीय बल्लेबाज जिस तरीके से आउट हुए, उसके लिये उन्हें दोषी ठहराना उचित नहीं होगा क्योंकि आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने लाजवाब गेंदबाजी की। '' मौजूदा बल्लेबाजों की रक्षात्मक कमियों का जिक्र करते हुए पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा, ''इसमें कोई शक नहीं की 36 रन के स्कोर को अलग पारी के रूप में ही देखा जायेगा और देखा भी जाना चाहिए लेकिन जब भी गेंद का मूवमेंट होता है तो पिछले तीन टेस्ट (न्यूजीलैंड में दो टेस्ट) में भारत का स्कोर – 165, 191, 242, 124, 244, 36 – रहा है। '' उन्होंने कहा, ''इससे स्पष्ट है कि भारत को अपने रक्षात्मक कौशल में सुधार करने की जरूरत है। आज के माहौल में करने से ज्यादा कहना आसान है। '' आस्ट्रेलिया महान स्पिनर शेन वार्न ने कहा, ''वाह। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ने यहां एडीलेड में कितनी शानदार गेंदबाजी की। लाजवाब। '' उन्होंने कहा, ''भारतीय बल्लेबाजों के लिये सहानुभूति क्योंकि उन्होंने इसकी उम्मीद नहीं की होगी, ऐसा दिन रहा जिसमें बल्लेबाजों ने हर गेंद पर बल्ला स्पर्श किया और इन्हें खेला भी नहीं और सभी को चूक गये। अविश्वसवनीय। '' ग्रोइन चोट के कारण श्रृंखला के शुरूआती मैच में नहीं खेले डेविड वार्नर इस नतीजे से खुश थे जिससे उनकी टीम ने चार मैचों की सीरीज में 1–0 से बढ़त बना ली। उन्होंने लिखा, ''आज खिलाड़ियों ने अविश्वसनीय जीत दर्ज की, गेंदबाजों ने आज क्या शानदार प्रयास किया। क्रिकेट के लिये अविश्वसनीय दिन। '' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टिप्पणी की, ''बताया था ना....भारत को टेस्ट श्रृंखला में रौंदा जायेगा। '' पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आर पी सिंह ने कहा, ''आज का दिन काफी बुरा रहा, इसमें कोई शक नहीं लेकिन याद रखिये यह चार मैचों की श्रृंखला है। हमने पहले भी वापसी की है और यह टीम भी ऐसा कर सकती है। '' पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने लिखा, ''मैच अच्छी स्थिति में था और हम इसमें बने हुए थे लेकिन एक खराब सत्र हमारे खिलाफ गया।

# शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.25 लाख करोड़ बढ़ा, HDFC और TCS को हुआ सर्वाधिक लाभ

एजेंसी
नयी दिल्ली। बाजार में मजबूत रुख के बीच देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह 1,25,229.25 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। एचडीएफसी, टीसीएस और बजाज फाइनेंस सर्वाधिक लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 861.68 अंक यानी 1.86 प्रतिशत मजबूत हुआ। केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. और हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आयी। जबकि एचडीएफस बैंक, इन्फोसिस समेत शेष आठ कंपनियों की बाजार हैसियत बढ़ी है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह 29,700.13 करोड़ रुपये उछलकर 10,74,157.65 करोड़ रुपये पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 24,642.81 करोड़ रुपये बढ़कर 3,16,481.88 करोड़ रुपये पहुंच गया। वहीं एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 15,996.69 करोड़ रुपये बढ़कर 7,77,119.60 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का एमकैप 11,376.62 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,06,777.66 करोड़ रुपये पर आ गया। कोटक महिंद्रा बैंक की बाजार हैसियत 5,622.59 करोड़ रुपये बढ़कर 3,85,870.02 करोड़ रुपये




जबकि भारती एयरटेल का एमकैप 3,573.39 करोड़ रुपये बढ़कर 2,78,560.76 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 1,324.16 करोड़ रुपये बढ़कर 3,56,853.67 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके उलट, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 9,868.14 करोड़ रुपये घटकर 5,47,846.03 करोड़ रुपये तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप 8,463.15 करोड़ रुपये कम होकर 12,62,975.08 करोड़ रुपये पर आ गया। बाजार हैसियत के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष स्थान पर बनी रही। उसके बाद क्रमशरू टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि., इन्फोसिस, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारतीय एयरटेल का स्थान रहा।

# निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले,
## साइबर हमले के पीछे रूस के बजाए हो सकता है चीन का हाथ

एजेंसी
वाशिंगटन। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में हुए साइबर हमले के लिए रूस के बजाए चीन पर शक जताया है, जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री एवं अन्य शीर्ष अधिकारियों ने इस हमले के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है। ट्रंप ने साइबर हमले के बारे में पहली बार शनिवार को सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करते हुए रूस को जिम्मेदार ठहराए जाने के विचार का उपहास उड़ाया और इस साइबर हमले को खास तवज्जो नहीं दी, जबकि देश की साइबर सुरक्षा एजेंसी ने सचेत किया है कि इससे सरकारी और निजी नेटवर्कों को ''गंभीर'' खतरा हो सकता है। ट्रंप ने शनिवार को ट्वीट किया, ''साइबर हैक वास्तविकता के बजाए फर्जी समाचार मीडिया में अधिक बड़ा है। मुझे पूरी जानकारी दी गई है और सब कुछ नियंत्रण में है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया ''चीन का हाथ होने की संभावना पर चर्चा करने को लेकर डरा हुआ'' है। इससे पहले, अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने शुक्रवार को कहा था कि यह बिल्कुल स्पष्ट हो चुका है कि अमेरिका के खिलाफ सबसे खतरनाक साइबर हमले के पीछे रूस का ही हाथ था। यह स्पष्ट नहीं है कि हैकर्स क्या चाह रहे थे, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि उनके मंसूबों में परमाणु हथियार से जुड़े रहस्य, उन्नत हथियारों की रूपरेखा, कोविड–19 टीके से संबंधित अनुसंधान और सरकार के प्रमुख नेताओं



और बड़े उद्योगपतियों के बारे में जानकारी एकत्र करना शामिल हो सकता है। पोम्पिओ ने शुक्रवार देर रात एक रेडियो टॉक शो के संचालक मार्क लेविन के साथ साक्षात्कार में कहा था, ''मुझे लगता है कि इस मामले में अब हम स्पष्ट रूप से कह सकते हैं कि रूसी लोग ही इस गतिविधि में संलिप्त थे।'' एक अमेरिकी अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि व्हाइट हाउस साइबर हमले के पीछे रूस का हाथ होने का दावा करने वाला बयान शुक्रवार दोपहर को जारी करने वाला था, लेकिन अंतिम क्षण में उसे ऐसा नहीं करने को कहा गया। व्हाइट हाउस ने ट्रंप के दावों के आधार या बयान संबंधी प्रश्नों पर तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी है और उसने पोम्पिओ की टिप्पणियों के बारे में भी अभी कुछ नहीं कहा है।

# कंपनी सचिवों के 48वें राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले ओम बिरला, कोरोना की चोट से तेजी से उबर रही है अर्थव्यवस्था

एजेंसी
इंदौर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि भारत ने समाज के सभी तबकों के सहयोग से कोविड–19 संकट की चुनौतियों को अवसर में बदल दिया है। नतीजतन महामारी की चोट से देश की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ उबर रही है। बिरला ने यहां कम्पनी सचिवों के 48वें राष्ट्रीय अधिवेशन में वीडियो कॉन्फ्रेंस से शिरकत करते हुए कहा कि भारत में हमने सामूहिक सहयोग से कोरोना महामारी की चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार किया है। इसलिए हमारी अर्थव्यवस्था वी–आकार में बढ़ रही है। गौरतलब है कि वी–आकार की वृद्धि से तात्पर्य किसी अर्थव्यवस्था में तेज गिरावट के बाद तेजी से सुधार से होता है। बिरला ने कहा कि देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुए रोजगार के अवसरों में इजाफा करना चाहता है। उन्होंने देश में शासन–प्रशासन के सभी क्षेत्रों में विकेंद्रीकरण को सबसे बड़ी आवश्यकता बताया और कहा, शासन–प्रशासन के विकेंद्रीकरण के पीछे हमारा मकसद यह है कि इस अवधारणा को अमली जामा पहनाने से खासकर ग्रामीण क्षेत्र मजबूत होगा।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अगले तीन महीनों में जुटाएंगे 25,000 करोड़ रुपए: वित्तीय सेवा सचिव




एजेंसी
नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्ज मांग के समर्थन और नियामकीय जरूरतों को पूरा करने के लिये अगले तीन महीनों में इक्विटी शेयर और बांड के जरिये करीब 25,000 रुपये पूंजी जुटाने की योजना बना रहे हैं। वित्तीय सेवा सचिव देबाशीष पांड ने बातचीत में कहा कि पिछले कुछ महीनों में भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बाजार से 40,000 करोड़ रुपये जुटाये हैं। उन्होंने कहा, ''बैंक बाजार से पूंजी जुटाने में सक्षम रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 40,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाये हैं। यह पूंजी इक्विटी शेयर और एटी 1 (अतिरिक्त टियर–1) और टियर दो (बांड) के जरिये जुटायी गयी। हम चालू वित्त वर्ष की शेष अवधि में 20,000 से 25,000 करोड़ रुपये की पूंजी और जुटाने की उम्मीद कर रहे हैं। इस महीने की शुरूआत में, केनरा बैंक ने 2,000 करोड़ रुपये जबकि पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,788.04 करोड़ रुपये जुटाये। इसके अलावा सरकार ने चालू वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 20,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली है। इसमें से वित्त मंत्रालय ने 5,500 करोड़ रुपये पंजाब एंड सिंध बैंक को नियामकीय जरूरतों को पूरा करने के लिये दिये। सरकार ने तरजीही आधार पर इक्विटी शेयर आबंटन के जरिये पूंजी डाले जाने को मंजूरी दी। वित्त वर्ष2019–20 में सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के इरादे से कर्ज मांग को पूरा करने के लिये बैंकों में 70,000 करोड़ रुपये की पूंजी डाली थी। बैंकों की वित्तीय स्थिति के बारे में पांडा ने कहा कि पिछली तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से 11 लाभ में रहें। उन्होंने कहा कि बैंकों का एनपीए (गैर–निष्पादित परिसंपत्ति) उल्लेखनीय रूप से कम हुआ है और इससे प्रावधान दायरा अनुपात भी कम हुआ है। पांडा ने कहा, ''संपत्ति पर रिटर्न में सुधार की कुछ गुंजाइश है और बैंक उस पर काम कर रहे हैं। कुल मिलाकर, सभी वित्तीय मानदंड सकारात्मक परिणाम दिखा रहे हैं।

## सना खान संग अनस सैयद की जोड़ी को लोगो ने बताया बेमेल,तो

# पति ने दिया ये जवाब

एजेंसी

सना खान ने इस साल सबको हैरान करने वाले कारनामे किए। पहले उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को छोड़ने का फैसला लेकर सबको हैरत में ड़ाल दिया, उसके बाद उन्होंने अचानक मौलाना अनस सैयद से शादी कर ली। इन दोनों को साथ देख लोगो



को अब तक इस बात पर यकीन नहीं आ पा रहा है कि ये कैसे मुमकिन हुआ। दोनों को अभी– भी सोशल मीडिया पर अपनी शादी को लेकर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। बता दे, कभी ट्रोलर्स इनके पति पर ये इलजाम लगाते है की उन्होंने सना का शादी के लिए ब्रेन वाश किया है, तो कभी सना और उनके पति को लेकर ये कमैंट्स किए जाते है की इन दोनों की जोड़ी बेमेल है। अब इस पर अनस सैयद ने अपना रिएक्शन दिया है। मीडिया से बातचीत के दौरान अनस सैयद ने बताया कि लोग इस बारे में सोचने के लिए स्वतंत्र है कि हमारी जोड़ी बेमेल हैं। उन्होंने कहा श्मैंने भगवान से प्रार्थना की थी कि मैं सना से शादी करना चाहता हूं और उन्होंने मेरी प्रार्थना सुन ली। मुझे लगता है कि अगर मैं किसी और से शादी करता तो इतना खुश नहीं रहता। वह आगे कहते हैं, सना मिलनसार और साफ दिल की हैं। मैं हमेशा से ऐसी लड़की से शादी करना चाहता था जो मुझे पूरा करे। लोग अभी भी सोचते हैं कि मैंने एक एक्ट्रेस से शादी कैसे कर ली लेकिन ये छोटी सोच के लोग हैं। ये मेरी लाइफ है और किसी को भी इस पर कमेंट नहीं करना चाहिए। लोग ये सोचने के लिए स्वतंत्र हैं कि हमारी जोड़ी बेमेल हैं, लेकिन सिर्फ हम ही जानते हैं कि हम एक–दूसरे के लिए कितने अनुकूल हैं। इसके अलावा अनस सैयद ने बताया कि उन्होंने सना पर फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने का दबाव कभी नहीं बनाया। उन्होंने कहा, श्मैंने कभी उन पर इसके लिए दबाव नहीं डाला। उन्होंने इंस्टाग्राम पर 6 महीने पहले ही इस बात का ऐलान किया था कि वो हिजाब पहनने वाली हैं। तब लोगों ने सोचा था कि शायद ये कोरोना और लॉकडाउन के चलते है क्योंकि उनके पास काम नहीं है। लेकिन वो हमेशा खुद को उस चीज से जोड़ना चाहती थीं, जो वो कर रही हैं। मैं उन्हें कुछ समय देना चाहता था, लेकिन उनका इरादा पक्का था। यहां तक कि मैं खुद हैरान हुआ, जब उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ने का ऐलान किया।









# कंगना ने उठाया सवाल,

## कहा कोई प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत से उनकी नियत के बारे में नहीं पूछता

एजेंसी

बॉलीवुड की पंगा क्वीन कंगना रनौत इन दिनों किसानो के मुद्दे को लेकर काफी भड़की हुई है। अब तक कई बार उनके और दिलजीत के बीच सोशल मीडिया पर झड़प देखने को मिल चुकी है। ऐसे में अब एक बार फिर कंगना ने एक वीडियो जारी कर दिलजीत दोसांज और प्रियंका चोपड़ा पर निशाना साधा है। वीडियो में कंगना कह रही है, श्मैंने सभी को बताया है कि मैं किसान आंदोलन पर सच बोलूंगी जैसे कि शाहीन बाग आंदोलन के समय कहा था। इसके लिए मुझे लगातार भावनात्मक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया गया। इसके अलावा दुष्कर्म की धमकियां दी गई है। इस देश में क्या प्रश्न पूछना मेरा अधिकार नहीं है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने सब कुछ स्पष्ट कर दिया है। तब किसी भी प्रकार का संदेह नहीं रह जाता। ये साबित हो गया है कि ये पूरा आंदोलन राजनीति से प्रेरित है और इसमें आतंकवादी भी भाग ले रहे हैं। कंगना ने आगे कहा, श्मैं पंजाब में रही हूं। मैं जानती हूं कि 99.9: पंजाबी खलिस्तान नहीं चाहते। वो इस देश को नहीं बांटना चाहते। वो भारत के हैं, अरुणाचल प्रदेश से महाराष्ट्र, दिल्ली सब कुछ उनका है। उन्हें छोटी सी जगह नहीं चाहिए। सभी देशभक्त है। मुझे उन आतंकवादियों से कोई शिकायत नहीं है, जो इस देश को तोड़ना चाहते हैं। मैं उनकी भावनाएं समझ सकती हूं लेकिन ये समझदार लोग किस तरह आतंकवादियों को उनकी भावनाओं से खेलने दे सकते हैं। शाहीन बाग की दादी को नागरिकता कानून के बारे में कुछ नहीं पता था। पंजाब की दादी मुझे गालियां दे रही थी और अपनी जमीन सरकार से बचाने की कोशिश कर रही थी। कंगना ने आगे बोला, इस देश में क्या हो रहा है। दोस्तों हम अपने आपको आतंकवादियों और विदेशी ताकतों के आगे इतना कमजोर क्यों कर रहे हैं। मुझे आप लोगों से शिकायत है। मुझे अपनी नियत के बारे में प्रतिदिन बात करनी पड़ती है। एक देशभक्त को कई सारी चीजों पर स्पष्टीकरण देना पड़ता है लेकिन दिलजीत दोसांज और प्रियंका चोपड़ा से कोई उनकी नियत के बारे में नहीं पूछता कि उनकी रणनीति क्या है। जबकि मैं देश के पक्ष में बात करती हूं, तो मुझ पर राजनीति करने का आरोप लगता है। उनसे उनकी नीति के बारे में क्यों कोई नहीं पूछता। जय हिंद।

# कैरी मिनाटी जल्द करेंगे बॉलीवुड डेब्यू,

## अजय देवगन और अमिताभ बच्चन के साथ आएंगे नजर

एजेंसी

फेमस यूट्यूबर कैरी मिनाटी के फैंस के लिए एक गुड न्यूज है। इंटरनेट की दुनिया में नाम कमाने के बाद अब अजय नागर बड़े पर्दे पर भी धमाकेदार एंट्री मारने के लिए तैयार हैं। ये एंट्री



वाकई ग्रैंड होगी क्योकि उनके साथ बॉलीवुड के 2 दिग्गज कलाकार भी दिखाई देंगे। आपको बता दे, वो जल्दी ही अजय देवगन और अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म डंलक्ंल में स्पेशल रोल में दिखाई देने वाले हैं। मीडिया से बातचीत में कैरी मिनाटी उर्फ अजय नागर ने कहा, मेरे बिजनेस हेड को कुमार मंगत पाठक की ओर से कॉल आया है, जो एक्टर अजय देवगन की प्रोडक्शन कंपनी से जुड़े हैं। इसका मतलब है कि मैं जल्दी ही उनके साथ नजर आने वाला हूं। अजय नागर का कहना हैं कि फिल्म इंडस्ट्री में आने का उन्होंने कभी सपना नहीं देखा था। अजय नागर ने कहा कि मेरा मोटिव लोगों को एंटरटेन करना रहा है। फिलहाल मैं उस दिशा में जाने के बारे में विचार नहीं कर रहा हूं। हां, ये बात सही है कि मैं हर चीन का अनुभव लेना चाहता हूं। मैंने इस फिल्म का हिस्सा बनना इसलिए स्वीकार किया है क्योंकि इसमें मुझे एक तरह से अपना ही कैरेक्टर प्ले करना है और ये मेरे लिए बेहद आसान काम होगा। मैं हर दिन खाते, सोते और जीते हुए अपने कैरेक्टर को प्ले करता हूं। हालांकि मुझे ये लगता है कि अमिताभ बच्चन और अजय देवगन जैसे स्टार के साथ काम करके मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। अजय नागर ने कहा कि ये वो सिलेब्रिटीज हैं, जिन्हें मैं देखकर बड़ा हुआ हूं और मैं जिनका फैन रहा हूं। उन्होंने कहा कि डंलक्ंल फिल्म में मेरा पूरी तरह से डेब्यू नहीं होगा। मैं इस फिल्म में एक छोटे और स्पेशल रोल में आने वाला हूं। अजय ने कहा, मैं फिलहाल जो कर रहा हूं। इस फिल्म में एक तरह से उसका एक्सटेंशन ही होगा। मैं दिन में 10 घंटे का वक्त कंटेंट तैयार करने में लगाता हूं। मैं इसे अपना पैशन मानता हूं। मेरे लिए ऐक्टिंग और म्यूजिक वो माध्यम है, जिसके जरिये मैं अपनी कला को और व्यापक तौर पर दिखा सकता हूं। इसके अलावा अलग ढंग के दर्शकों तक मेरी पहुंच हो सकेगी।

# सपना चौधरी ने पति वीर साहू का बर्थडे स्पेशल बनाने के लिए किये कुछ खास इंतजाम

एजेंसी

हरियाणा की मशहूर डांसर और सिंगर सपना चौधरी इन दिनों अपने बच्चे और पति के साथ टाइम स्पेंड कर रही हैं। वैसे सपना के पति वीर साहू के लिए 18 दिसंबर का दिन बेहद खास रहा। वहीं शादी के बाद वीर साहू का पहला बर्थडे जन्मदिन था,जिसे उन्होंने परिवार के साथ सेलिब्रेट किया। दरअसल सपना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पति के बर्थडे सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। फोटोज में वीर के पूरे फेस पर केक लगा हुआ है



और उन्होंने अपने बेबी को गोद में लिया हुआ है। वहीं सपना चौधरी उनके पास में खड़ी हुई हैं और अपने बेटे को देख रही हैं। इस दौरान सपना और उनके पति ने मैचिंग करके पीले रंग की ड्रेस पहनी है।

इन फोटोज के कैप्शन में सपना ने लिखा,जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं माई किंग। सपना और वीर जहां पर खड़े हैं उसके पीछे के बैकग्राउंड को देखकर ऐसा लग रहा है कि सपना ने अपने पति के बर्थडे पर खूब सारी तैयारियां की थीं। इतना ही नहीं उन्होंने अपने रूम की सजावट अलग अलग रंग के गुब्बारे से करवाई है। गौरतलब है कि सपना के बेटे की एक झलक देखने को लोग तरह रहे थे पिछले दिनों उन्होंने एक फोटो शेयर की थी। ये पहली बार था जब सपना ने अपने बेटे की फोटो को फैंस के साथ शेयर किया है। इस फोटो में सिंगर अपने बेटे को गोद में लिए खड़ी हुई है। फोटो शेयर करके उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा है,हजारों साल नर्गिस अपनी बेनूरी पे रोती है बड़ी मुश्किल से होता है चमन का दीदावर पैदा। बता दें सपना चौधरी ने हरियाणवी सिंगर,राइटर और मॉडल वीर साहू से जनवरी में गुपचुप कोर्ट मैरिज कर ली थी। इस शादी के बारे में किसी को कानों कान खबर नहीं लगी। वहीं सपना और वीर की शादी का खुलासा तब हुआ जब सपना ने बेटे को जन्म दिया। इसके बाद सपना ने अपनी शादी के बाद वीर के साथ पहली बार करवाचौथ के खास मौके पर तस्वीर साझा की थी।

## प्रेग्नेंसी की खबर पर नेहा कक्कड़ का एक और चौंका देने वाला खुलासा, अब बताई है डेट

एजेंसी

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर नेहा



कक्कड़ और उनके पति रोहनप्रीत सिंह सोशल मीडिया पर बेबी बंप के साथ तस्वीर पोस्ट करके फैंस को काफी ज्यादा हैरान कर दिया है। लेकिन नेहा के एक और नए पोस्ट ने लोगों को पहले से भी ज्यादा कन्फ्यूज कर दिया है। दरअसल नेहा ने अब अपने हालिया नए पोस्ट में यह खुलासा किया है कि उनका ख्याल रख्या कर गाना किस डेट को रिलीज हो रहा है। इस दौरान खास बात यह नेहा ने अपने बेबी बंप वाली फोटो के साथ नए गाने का अनाउंसमेंट किया है। हाल ही में गायिका नेहा कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर गाने का कवर फोटो साझा किया है। ये वही तस्वीर है जिस पर उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाए जा रहे थे और अब नेहा ने इसी के साथ डेट लिखी है 22 दिसंबर। बता दें नेहा का यह गाना शायद इसी तारीख को रिलीज हो रहा है। इस न्यू सॉन्ग में यह कपल एक साथ फिर से नजर आने वाला है। बता दें नेहा कक्कड़ के अब इस पोस्ट पर लोग अपनी जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें नेहा और रोहन के इस नए गाने का रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है। तो वहीं कुछ लोग कॉमेंट करके खुद से बता रहे हैं कि गाने के लिए नेहा का यह फेक बेबी बंप बनाया गया है। मालूम हो नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह की शादी 24 अक्टूबर को हुई थी। दोनों की शादी के समय नेहू दा गाना रिलीज हुआ था। वैसे तो लोगों को उनकी शादी पर भी काफी ज्यादा शक था कि ये कोई प्रमोशनल स्ट्रेटजी हो सकती है।

## विकास गुप्ता की मां पर कमेंट करने के बाद अर्शी खान पर बरसे सलमान,

# कहा - मेरी मां पर कोई जाता तो...

एजेंसी

बिग बॉस 14 के घर में अर्शी खान की मनमानी बढ़ती ही चली जा रही है। पहले तो खुद लड़ाई करके अर्शी खान ने विकास गुप्ता को घर से बाहर कर दिया। जिसके बाद अर्शी खान अब निक्की तम्बोली और रुबीना दिलाइक के पीछे पड़ गई हैं। अर्शी खान के ये तेवर अब उनपर ही भारी पड़ने वाले हैं क्योंकि आज वीकेंड के वार में खुद सलमान खान आवाम की इस आवाज को सबक सिखाने वाले हैं। सलमान खान का गुस्सा देखने के बाद अर्शी खान, विकास गुप्ता की तरह घर से बाहर जाने के लिए मजबूर हो जाएंगीं। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं इस बात का सबूत तो बिग बॉस 14 का प्रोमो है जिसमें सलमान खान अर्शी खान की क्लास लगाते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस 14 के लेटेस्ट प्रोमो में सलमान खान अर्शी खान पर गुस्सा करते हुए कह रहे हैं कि आपने विकास गुप्ता की मां पर कमेंट क्यों किया। वीकेंड का वार एपिसोड में सलमान खान अर्शी की जमकर क्लास लगाने वाले हैं। मेकर्स ने आने वाले एपिसोड का प्रोमो रिलीज किया है, जिसमें सलमान अर्शी की बदतमीजी और सारी सीमाएं लांघने पर उन्हें लताड़ते नजर आ रहे हैं। सलमान बोले, अर्शी विकास की मां पर गई। अगर मेरी मां के ऊपर कोई जाता तो शायद मैं भी वही करता। सलमान की बात सुनकर अर्शी ऊंची आवाज में कहती हैं, मैंने उनकी मां के लिए कोई गलत अल्फाज इस्तेमाल नहीं किए। तभी रुबीना बोलती हैं कि अर्शी ने उनके पति को कुछ अश्लील बोला , सलमान भड़कते हुए अर्शी से कहते हैं, श्ये बदतमीजी से बात मेरे सामने करें ना। हमारे शो पर ना करें ये आप। आप कोई दूसरा शो ढूंढ लीजिए ये सब करने के लिए। किसी को भी यह हक नहीं है कि वह किसी की मां या बाप पर जाए। यह सुनकर अर्शी खान यह कहते हुए उठकर चली जाती हैं कि वह शो छोड़ रही हैं। तो क्या राहुल वैद्य और कविता कौशिक की तरह अर्शी खान ने भी सच में बिग बॉस 14 छोड़ दिया है?




# रेमो डिसूजा को मिली अस्पताल से छुट्टी, घर पहुचे निर्देशक

एजेंसी

बॉलीवुड कोरियोग्राफर और निर्देशक रेमो डिसूजा को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में हार्ट अटैक आने के बाद भर्ती कराया गया था। अब उनकी तबीयत ठीक है और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। कुछ दिनों तक उनका इलाज चला जिसके बाद अब वह घर आ चुके हैं। इस बात की पुष्टी उनकी पत्नी लिजेल ने भी की है। लिजेल ने कहा, हम घर आ गए हैं। बता दें, रेमो डिसूजा की पत्नी के साथ–साथ उनके करीबी दोस्त भी उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे थे। इनमें आमीर अली, अहमद खान और पूनीत पाठत समेत कई लोग शामिल थे। रेमो डिसूजा की हार्ट अटैक की खबर सामने आने के बाद जब अहमद खान से इस बारे में सवाल पूछा गया था, तब उन्होंने बताया था कि " मुझे फोन आया था कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। हम सभी घबरा गए थे,



लेकिन अब उनकी हालत ठीक है। वह रिकवर कर रहे हैं। रेमो के घर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। रेमो के दो बेटे है। रेमो को दिल का दौरा पड़ने की खबर सुनकर कई लोगों को सदमा लगा था। रेमो ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जहां वह हंसी–खुशी से घर लौटते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो एबीसीडी फिल्म के हे गणराया गाने पर बनाया गया है। उन्होंने लिखा, आप सभी के प्यार, प्रार्थना और आशीर्वाद के लिए मैं वापस आ गया हूं ... सुंदर स्वागत वापस के लिए धन्यवाद ...।

हिन्दी दैनिक
मरियम टाइम्स

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक कलीमउल्ला फ़ारूकी ने सांई प्रिंटिंग प्रेस , 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से छपवाकर 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित किया।

**सम्पादक:**
**आसिया जैदी**
मो0– 9838040912

e-mail:
mariyamtimes86@gmail.com

**RNI No - UPHIN/2015/63817**

समाचार पत्र से सम्बन्धित समस्त प्रकार के विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय मान्य होगा।